सत्यमेव जयते

बिहार सरकार

आर्थिक सर्वेक्षण

2017-18

खंड- II

(अनुलग्नक और सांख्यिकीय परिशिष्ट)

वित्त विभाग

बिहार सरकार

अनुलग्नक

अनुलग्नकों की सूची

क्रम सं.	विषय सूची	पेज नं.
1	अनुलग्नक-1 : सात निश्चय	A 1-8
2	अनुलग्नक-2 : बिहार ग्रामीण आजीविका प्रोत्साहन समिति (जीविका)	A 9-23
3	अनुलग्नक-3 : बिहार में मद्यनिषेध का प्रभाव	A 24-28
4	अनुलग्नक-4 : बिजली की आपूर्ति में सुधार और वितरणजनित ह्रासों में कमी	A 29-30
5	अनुलग्नक-5 : बिहार में नीम लेपित यूरिया का उपयोग	A 31-32
6	अनुलग्नक-6 : बिहार में बाढ़	A 33-38
7	अनुलग्नक-7 : बिहार में स्वास्थ्य : प्रतिसाद के लिए स्थिति और संभावनाएं	A 39-44
8	अनुलग्नक-8 : बिहार में महिलाओं और लड़कियों का सशक्तीकरण	A 45-47
9	अनुलग्नक-9 : बिहार में कुपोषण : प्रतिसाद के लिए स्थिति और संभावनाएं	A 48-51

अनुलग्नक-1

सात निश्चय

चिरस्थायी संवृद्धि और विकास हमेशा सुशासन पर निर्भर करते हैं। चिरस्थायी और समावेशी विकास हासिल करने की इच्छा से राज्य सरकार ने कल्याण योजनाओं को ही लागू नहीं किया है, बल्कि बुनियादी अधिसंरचना के निर्माण से संबंधित परियोजनाओं का भी क्रियान्वयन किया है। साथ ही, कुशल श्रमशक्ति के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने उच्चतर, व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा के जरिए युवक-युवतियों के कौशल विकास और क्षमता निर्माण पर बल दिया है। वर्तमान विकास रणनीति के अंदर राज्य सरकार ने सात निश्चय चिन्हित किए हैं और उन्हें 'सुशासन कार्यक्रम, 2015-20' में शामिल किया है। राज्य सरकार द्वारा इन कार्यक्रमों के मिशन के बतौर क्रियान्वयन और देखरेख के लिए 5 फरवरी, 2016 को बिहार विकास मिशन की स्थापना की गई। सात निश्चय के सातो घटक ये हैं : (1) आर्थिक हल, युवाओं का बल, (2) आरक्षित रोजगार, महिलाओं का अधिकार, (3) हर घर बिजली लगातार, (4) हर घर नल का जल, (5) घर तक पक्की गली-नालियां, (6) शौचालय निर्माण घर का सम्मान और (7) अवसर बढ़े आगे पढ़ें।

निश्चय 1 : आर्थिक हल युवाओं का बल

युवा (15 से 24 वर्ष) आबादी के लिहाज से बिहार देश का तीसरा बड़ा राज्य है। राज्य के 1.75 करोड़ युवाओं का राज्य की कुल जनसंख्या में 16.8 प्रतिशत हिस्सा है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, 87 प्रतिशत युवा ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। अत: अपने लाखों युवाओं का सशक्तीकरण करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार ने अपने पहले निश्चय के तहत पांच महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं के जरिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

(1) **बिहार विद्यार्थी क्रेडिट कार्ड योजना** : बिहार की साक्षरता दर 61.8 प्रतिशत है जो 73 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत से कम है (जनगणना, 2011)। किशोर-किशोरियों और युवक-युवतियों की साक्षरता दर 72.3 प्रतिशत है और यह भी 86.1 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत से कम है। साक्षरता की स्थिति में सुधार के लिए राज्य सरकार ने 2 अक्तूबर, 2016 को बिहार क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ किया। योजना का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

इस योजना के तहत कक्षा 12 उत्तीर्ण और 25 वर्ष से कम उम्र वाले विद्यार्थी बैंकों से विद्यार्थी क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण ले सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी शैक्षिक, व्यवसाय, पेशेवर और तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए ऋण ले सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में बी.ए., बी.एससी. एम.बी.बी.एस., प्रबंधन, चार्टर्ड एकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी, एमसीए और उच्च शिक्षा के अन्य महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम शामिल हैं। वापसी में चूक की स्थिति में राज्य सरकार अधिकतम 4.00 लाख रु. की गारंटी उपलब्ध कराएगी।

(2) **मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना** : योजना का औपचारिक शुभारंभ 2 अक्तूबर, 2016 को हुआ था। योजना का उद्देश्य रोजगार पाने में असफल रहन वाले युवक-युवतियों को वित्तीय सहायता

उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत बिहार के 20 से 25 वर्ष उम्र समूह के हर बेरोजगार युवक-युवती को दो वर्षों तक हर महीने 1,000 रु. प्राप्त होंगे। पात्र आवेदक को श्रम विभाग द्वारा आयोजित अनिवार्य भाषा प्रशिक्षण (हिंदी/ अंग्रेजी), संवाद कौशल, कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी और व्यवहार कौशल भी हासिल होगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों को आवेदन के साथ निम्नलिखित अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे - कक्षा 12 उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र, कक्षा 10 उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र (जिसमें जन्मतिथि लिखी हो), आवासीय प्रमाणपत्र, बैंक संबंधी विवरण और आधार कार्ड।

(3) **कौशल युवा योजना :** वैश्वीकरण के दौर में व्यवहार कौशल रोजगार बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंतर्वैयक्तिक संवाद कौशल की कमी ग्रामीण युवक-युवतियों के लिए कुशल श्रम बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में समस्या पैदा करती है। बेरोजगारी और संगठित क्षेत्र में ग्रामीण युवक-युवतियों की भागीदारी के मुद्दे पर काम करने के लिए राज्य सरकार की युवक-युवतियों के व्यवहार कौशल में सुधार लाने की योजना है। इस योजना के तहत युवक-युवतियों को सैद्धांतिक जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा जिससे उनके संवाद के स्तर और अंतर्वैयक्तिक कौशलों में वृद्धि होगी। इस योजना के तहत 15 से 25 उम्र समूह के न्यूनतम कक्षा 10 उत्तीर्ण बेरोजगार युवक-युवतियां आवेदन देने की पात्र होंगी।

व्यवहार कौशल विकास कार्यक्रम में 240 घंटे का प्रशिक्षण होगा जिसमें 80 घंटे का भाषा शिक्षण (हिंदी/ अंग्रेजी), 120 घंटे का संवाद कौशल और 40 घंटे का व्यवहारमूलक कौशल शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए राज्य के सभी प्रखंडों में कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, विभिन्न संगठनों द्वारा निजी प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। अभियंत्रण महाविद्यालयों, पॉलीटेक्निक और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पढ़ चुके विद्यार्थी भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

(4) **बिहार स्टार्ट-अप नीति, 2017 :** राज्य में नए लघु एवं मध्यम उद्यमों की स्थापना के लिहाज से सक्षमकारी वातावरण निर्माण के लिए बिहार स्टार्ट-अप नीति, 2017 युवक-युवतियों को व्यवसाय स्थापित करने में सहयोग देगी और राज्य में व्यवसाय के नए विचारों को पोषित करेगी। इस योजना के तहत राज्य सरकार उद्भवन (इनक्यूबेशन) केंद्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगी। इस नीति के तहत 500 करोड़ रु. का उद्यम पूंजी (वेंचर कैपिटल) कोष बनाया जा चुका है। नवांकुर उद्यमों (स्टार्ट-अप) को पांच वर्षों तक राज्य के विभिन्न अधिनियमों के तहत कार्यसंचालन लाइसेंस लने से छूट मिलेगी। इसके लिए नवांकुर उद्यमों द्वारा सिर्फ स्वयं-घोषणा उपलब्ध करानी होगी। राज्य सरकार आगामी उद्यम पार्कों, लघु एवं मध्यम उद्यम संकुलों एवं केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर 10 प्रतिशत स्थान नवांकुर उद्यमों, इनक्यूबेटरों और सामान्य अधिसंरचना क लिए आबंटित करेगी। प्रगतिशील नवांकुर उद्यमों के लिए उद्भवन केंद्र स्थापित किए जाएंगे जहां से उद्यमों को राज्य सरकार से वित्तीय प्रोत्साहन और अन्य प्रकार की सहायता प्राप्त होगी। सामान्य अधिसंरचना घटक के तहत राज्य सरकार शोध एवं विकास प्रयोगशाला, वित्तपोषण कोग्रांग और सभागार के लिए स्थान उपलब्ध कराएगी। ये सारी चीजें

सार्वजनिक-निजी साझेदारी के माध्यम से की जाएंगी और नवांकुर उद्यम ये सुविधाएं तीन वर्षों की अवधि के लिए नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

वित्तीय सहायता घटक के तहत, राज्य सरकार हर नवांकुर उद्यम को आरंभिक निवेश सहायता के अंतर्गत 10.00 लाख रु. की आरंभिक धनराशि (सीड फंडिंग) उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा, राज्य सरकार नवांकुर उद्यमों को निवेशकों की पहचान करने में सहयोग करेगी और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। उन्हें देश के अंदर या बाहर पेटेंट के लिए आवेदन करने में कोई खर्च नहीं करना होगा। राज्य सरकार द्वारा महिला उद्यमियों को 5 प्रतिशत, अजा/अजजा उद्यमियों को अधिकतम 15 प्रतिशत और दिव्यांग व्यक्तियों को अधिकतम 15 प्रतिशत अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। नवांकुर उद्यमों के आवेदनों का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेष समिति गठित की जाएगी।

इस नीति के तहत एक न्यास गठित किया जाएगा जो किसी कंपनी में निवेश का अनुभव रखने वाले पेशेवर व्यक्ति की अध्यक्षता वाला स्वायत्त निकाय होगा। जोखिम पूंजी कोष प्रबंधन, परिसंपत्ति प्रबंधन, और नवांकुर उद्यमों के प्रमाणन के लिए न्यास एक या अधिक प्रबंधकों की नियुक्ति करेगा। नवांकुर उद्यमों के लिए वांछित सारी वैधानिक अनापत्तियां (क्लीयरेंस) सुनिश्चित की जाएंगी और सिंगल विंडो अनापत्ति समिति की स्थापना के साथ अनापत्तियां प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

(5) सभी विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों में मुफ्त वाइ-फाइ : वर्तमान दौर में इंटरनेट की उपलब्धता पेशेवर कार्यों ही नहीं, दैनिक जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके लिए राज्य सरकार ने सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में युवाओं को इंटरनेट की सुविधा प्रदान करने का संकल्प लिया है। इस पृष्ठभूमि में राज्य सरकार ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाइ-फाइ उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा यह मुफ्त इंटरनेट सुविधा 319 शैक्षिक संस्थानों में उपलब्ध कराई जा रही है।इन संस्थानों में विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, अभियंत्रण महाविद्यालय, चिकित्सा महाविद्यालय और कृषि महाविद्यालय शामिल हैं। इस योजना के तहत युवा वर्ग अपनी जानकारी बढा पाने में सक्षम होगा और रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त कर सकेगा। योजना के अनुसार, विश्वविद्यालयों में 30 वाइ-फाइ हॉटस्पॉट और महाविद्यालयों में 10 वाइ-फाइ हॉटस्पॉट स्थापित किए जाने हैं। राज्य सरकार को आशा है कि युवा वर्ग इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाएगा और राज्य के समग्र विकास में योगदान करेगा। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए 220 करोड़ रु. स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना का क्रियान्वयन बेल्ट्रॉन के द्वारा किया जा रहा है।

निश्चय 2 : आरक्षित रोजगार महिलाओं का अधिकार

बिहार में 15 से 59 वर्ष की महिलाओं के लिए श्रमशक्ति सहभागिता दर मात्र 18.1 प्रतिशत है जो 31.1 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत की तुलना में बहुत कम है। अत: श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के मकसद से राज्य सरकार ने राज्य की सभी सरकारी नौकरियों का 35 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करने का निर्णय लिया है और यह नोति फरवरी 2016 से क्रियान्वित हो रही है।

महिलाओं के लिए रोजगार राज्य सरकार के विकास संबंधी एजेंडा का हमेशा से अभिन्न अंग रहा है। इस लिहाज से राज्य सरकार ने अनेक पहलकदमियां ली हैं जिनमें पंचायती राज संस्थाओं और नगरपालिका निकायों मं महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध कराना शामिल है। इसके अलावा, राज्य सरकार ने महिला पुलिस थाने भी स्थापित किए हैं और बिहार पुलिस सेवा में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित की हैं। 'जीविका' के तहत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों ने महिलाओं का आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता काफी बढ़ाई है।

निश्चय 3 : हर घर बिजली लगातार

केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में गांवों का विद्युतीकरण किया जा चुका है। शेष गांवों का विद्युतीकरण भी दिसंबर 2018 तक पूरा कर लेने का लक्ष्य लिया गया है। पहले ग्रामीण क्षेत्रों में एपीएल (गरीबी रेखा के ऊपर) परिवार बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की किसी योजना में शामिल नहीं थे। हालांकि वर्तमान नीति अधिक समावेशी है और इसमें बीपोएल और एपीएल, दोनो तरह के परिवारों का आच्छादन होता है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ नवंबर 2016 में हुआ था। कुल 39,073 गांवों में से 217 गांव अगम्य क्षेत्रों में हैं जहां नवीकरणीय ऊर्जा के जरिए बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

निश्चय 4 : हर घर नल का जल

इस निश्चय का लक्ष्य बिहार के हर नागरिक को बिना भेदभाव स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। इसके तहत राज्य के 2 करोड़ परिवारों का आच्छादन किया जाएगा। 8,391 ग्राम पंचायतों और 143 नगरपालिका निकायों के सामूहिक प्रयासों से राज्य सरकार इस लक्ष्य को निम्नलिखित योजनाओं के तहत पाप्त करना चाहती है - (क) मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना, (ख) मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना (गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र), (ग) मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना (गुणवत्ता अप्रभावित क्षेत्र) और (घ) मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना।

(1) **मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना :** इस योजना के तहत राज्य के 5,013 ग्राम पंचायतों के सभी परिवारों को बिना भेदभाव पाइपों के जरिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना का क्रियान्वयन पंचायती राज विभाग द्वारा किया जा रहा है। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर राज्य सरकार ने इसे चरणबद्धढंग से क्रियान्वित करने का निर्णय लिया है - 20 प्रतिशत परिवारों के लिए पहले साल, 30 प्रतिशत परिवारों के लिए दूसरे साल, 30 प्रतिशत परिवारों के लिए तीसरे साल और शेष 20 प्रतिशत परिवारों के लिए चौथे साल।

पंचायती राज विभाग इस योजना का क्रियान्वयन राज्य के 5,013 ग्राम पंचायतों में कर रहा है जहां पानी की गुणवत्ता राज्य के अन्य भागों की अपेक्षा निम्न है। इस योजना के तहत इन पंचायतों के हर परिवार को पाइपों के जरिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। इसके लिए राज्य सरकार अगले चार वर्षों में 8,373 करोड़ रु. व्यय करेगी जिसमें से 3,068 करोड़ रु. का व्यय राज्य योजना से किया जाएगा। इस योजना का क्रियान्वयन हर वार्ड में गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

(2) **मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना (गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र) :** इस योजना का क्रियान्यवन उन पंचायतों में किया जा रहा है जहां का पानी आयरन, फ्लोराइड या आर्सेनिक से प्रभावित है। इस योजना

के तहत सभी 2,351 प्रभावित ग्राम पंचायतों को पाइपलाइनों के जरिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। इस योजना के लिए 2,351 ग्राम पंचायतों के कुल 27,267 परिवारों की पहचान की गई थी। 11 जिलों के 4,510 वार्डों में परिवार आयरन की समस्या का सामना कर रहे हैं। इसी प्रकार, 9 जिलों के 20,719 वार्डों में फ्लोराइड की समस्या है। इसके अलावा, 13 जिलों के 2,038 वार्ड आर्सेनिक से प्रभावित हैं। इस योजना का क्रियान्वयन 2019-20 तक पूरा कर लेने की योजना है।

इस योजना का क्रियान्वयन लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जा रहा है। पांच वर्षों के लिए इस योजना का कुल अनुमानित व्यय 7,830 करोड़ रु. है। इस योजना के तहत राज्य और जिला स्तरों पर सेवा निवृत्त अभियंताओं, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और विशषज्ञों की सदस्यता वाली गुणवत्ता अनुश्रवण समितियों का गठन किया जाएगा।

(3) **मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना (गुणवत्ता अप्रभावित क्षेत्र) :** मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना (गुणवत्ता अप्रभावित क्षेत्र) का क्रियान्वयन उन्हीं क्षेत्रों में किया जाएगा जहां पानी की गुणवत्ता प्रभावित नहीं है या जहां राज्य सरकार की जलापूर्ति योजनाएं पहले से ही चल रही हैं। इस योजना के तहत कुल 1,027 ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया है। इस योजना के लाभ इन पंचायतों के सभी परिवारों को बिना भेदभाव प्राप्त होंगे। इस योजना का क्रियान्वयन भी लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जा रहा है जहां क्रियान्वयन की इकाइयां वार्ड हैं।

हर वार्ड में इस योजना का क्रियान्वयन संबंधित ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय 'वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति' द्वारा किया जाएगा। इस योजना के तहत हर दो वर्ष पर समिति का गठन किया जाएगा। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर योजना के पहले वर्ष में इसके कुल बजट का 20 प्रतिशत और दूसरे तथा तीसर वर्षों में 40-40 प्रतिशत रकम खर्च होगी। अजा/अजजा आबादी की प्रचुर संख्या वाले पंचायतों और खुले में शौच से मुक्त घोषित पंचायतों को प्राथमिकता दी जाएगी। अगले चार वर्षों के लिए इस योजना का कुल व्यय 1,812 करोड़ रु. होगा।

(4) **मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना :** इस योजना का क्रियान्वयन नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के तहत 143 नगरपालिका निकायों के सभी शहरी परिवारों को पाइपों के जरिए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया है कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में (सरकारी क्वार्टरों को छोड़कर) कुल 19.08 लाख परिवार हैं। इनमें से 15.71 लाख परिवारों को नल का जल उपलब्ध नहीं है और उन्हें 2019-20 तक पाइपों से जलापूर्ति वाले कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे।

निश्चय 5 : घर तक पक्की गली-नालियां

इस निश्चय के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन के बाद राज्य के शेष बचे असंपर्कित गांव-टोलों को नजदीकी पक्की सड़कों के साथ जोड़ा जाएगा। साथ ही, सभी शहरों और गांवों में गलियों का भी निर्माण होगा। अभी इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा तीन योजनाएं शुरू की गई हैं - (क) ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना, (ख) मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नालियां पक्कीकरण निश्चय योजना और (ग) मुख्यमंत्री शहरी गली-नालियां पक्कीकरण निश्चय योजना।

(1) **ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क याजना और मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना का क्रियान्वयन राज्य के सारे ग्रामीण क्षेत्रों को बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूरे राज्य में 500 या अधिक आबादी वाले सारे गांवों को बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जाता है। वहीं मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजनाके तहत राज्य के 27 जिलों में 250 से 499 तक आबादी वाले सारे गांवों को बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जाता है। शेष 11 जिलों में ये सुविधाएं 250 या उससे कम आबादी वाले गांव-टोलों को भी उपलब्ध कराई जाती हैं। हालांकि उक्त योजनाओं के बावजूद अनेक गांवों में सड़क संपर्क नहीं हो पाया है। उनमें से अधिकतर गांवों में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की अच्छी-खासी आबादी है। इस पृष्ठभूमि में ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना का क्रियान्वयन ऐसे छूटे हुए गांवों का बाहरमासी पथ संपर्क उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। इस योजना के तहत राज्य सरकार पूरक कोर संपर्क नेटवर्क गठित करेगी जो उपग्रह मानचित्रण के आधार पर छूटे हुए गांवों की पहचान करेगा। इन मानचित्रों के जरिए पथसंपर्क विहीन 33,461 परिवारों की पहचान की जा चुकी है। इन सारे परिवारों को 3,977 किमी सड़कों के जरिए 2019-20 के अंत तक पथ संपर्क उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस योजना के तहत सड़कों के निर्माण और भूमि अधिग्रहण पर कुल 2,952 करोड़ रु. व्यय किया जाएगा।

(2) **मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नालियां पक्कीकरण निश्चय योजना :** पंचायती राज विभाग द्वारा इस योजना का क्रियान्वयन ग्रामीण क्षेत्रों में पक्की गलियों और नालियों के निर्माण के लिए किया जा रहा है। विभिन्न गांवों में मिट्टी के प्रकार, जलनिकासी पैटर्न जैसे स्थानीय कारकों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न पकार की गलियों और नालियों के निर्माण के लिए ग्रामीण कार्य विभाग के साथ मिलकर मानक व्यय का अनुमान किया गया है। योजना में योजना की जरूरत के अनुसार भूमि अधिग्रहण का भी प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत अगले चार वर्षों में 8391 ग्राम पंचायत के 1,14,733 वार्डों का चरणबद्ध ढंग से आच्छादन किया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन पर 14,249 करोड़ रु. व्यय होगा।

(3) **मुख्यमंत्री शहरी गली-नालियां पक्कीकरण निश्चय योजना :** शहरी क्षेत्रों में इस योजना का क्रियान्वयन नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा किया जाएगा। इस योजना के तहत शहरों में सारे वार्डों को नजदीकी पक्की सड़कों से जोड़ा जाएगा और हर घर को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए आवश्यकतानुसार गलियों और नालियों का निर्माण कराया जाएगा। सड़कें पीसीसी वाली और ईंट बिछी होंगी। अगर जलनिकासी व्यवस्था मौजूद नहीं होगी, तो जहां पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा, वहां सड़क के किनारे नालियां भी बनाई जाएंगी।

निश्चय 6 : शौचालय निर्माण घर का सम्मान

राज्य में व्यक्तिगत शौचालयों की कमी के कारण आम लोगों, खास कर महिलाओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण की स्वच्छता के लिए, और उन्नत सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए हर घर के लिए शौचालय निर्माण ही नहीं, शौचालयों का उपयोग सुनिश्चित करने का भी निर्णय लिया गया है।

'शौचालय निर्माण घर का सम्मान' निश्चय के तहत पूरे राज्य में सभी परिवारों को शौचालय उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ, शौचालयों के नियमित उपयोग के लिए सामूहिक व्यवहार परिवर्तन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत एपीएल परिवारों का आच्छादन नहीं हुआ था। अत: राज्य सरकार ने लोहिया स्वच्छता योजना के तहत राज्य में एपीएल परिवारों के आच्छादन का निर्णय लिया। इसके तहत सभी एपीएल या बीपीएल परिवारों को 12,000 रु. की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाती है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत केंद्र सरकार द्वारा 4,000 रु. प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाती है। राज्य सरकार ने अपने कोष से अतिरिक्त 8,000 रु. उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है ताकि शहरों में भी सभी परिवारों को 12,000 रु. प्रोत्साहन राशि उपलब्ध हो। इस कार्यक्रम के तहत हर परिवार के लिए बिना भदभाव स्वच्छ शौचालयों का प्रावधान किया जाएगा। साथ ही, सभी ग्रामीण और शहरी परिवारों द्वारा शौचालयों के नियमित उपयोग के संबंध में समुदायों के संवेदनीकरण के लिए व्यवहार परिवर्तनों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस छठे निश्चय के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अलावा, राज्य सरकार द्वारा दो योजनाएं शुरू की गई हैं - (1) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान और (2) शौचालय निर्माण (नगर क्षेत्र) योजना।

(1) **लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान :** इस योजना का क्रियान्वयन ग्रामीण विकास योजना द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के तहत राज्य के 1.60 करोड़ शौचालय सुविधाविहीन परिवारों को बिना भेदभाव शौचालय उपलब्ध कराए जाएंगे।

(2) **शौचालय निर्माण (नगर क्षेत्र) योजना :** इस योजना का क्रियान्वयन नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के तहत सभी शौचालय विहीन शहरी परिवारों को शौचालय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस योजना का क्रियान्वयन राज्य की सभी 143 नगरपालिकाओं में किया जा रहा है जिसके तहत 2019-20 के अंत तक लगभग 7.93 लाख परिवारों को शौचालय सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इसके लिए 7.10 लाख व्यक्तिगत शौचालयों और 6,881 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया जाएगा। योजना के लिए कुल 1,116 करोड़ रु. स्वीकृत किए गए हैं।

निश्चय 7 : अवसर बढ़े आगे पढ़ें

युवा वर्ग राज्य की आर्थिक और सामाजिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्य को युवक-युवतियों की उच्च शिक्षा में सुधार और उनके व्यावसायिक कौशलों के सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इस निश्चय का मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा सहित उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना करना है जो राज्य में युवक-युवतियों और श्रमिकों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराएं।

इस निश्चय के तहत राज्य सरकार हर जिले में एक जीएनएम (जेनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) विद्यालय और एक पैरा-मेडिकल (परा-चिकित्सा) संस्थान स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। 5 जिलों में जीएनएम स्कूल स्थापित किए जा चुके हैं और 10 अन्य जिलों में कार्य प्रगति पर है। शेष 23 जिलों में चरणबद्धढंग से जीएनएम

स्कूल स्थापित किए जाएंगे। इसी प्रकार, 5 जिलों में पैरा-मेडिकल संस्थान स्थापित किए जा चुके हैं और शेष 33 जिलों में इनकी स्थापना अगले पांच वर्षों के भीतर कर दी जाएगी। हर जिले में पॉलीटेक्निक संस्थान, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और अभियंत्रण महाविद्यालय भी चरणबद्धढंग से स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, हर अनुमंडल में एक एएनएम (सहायक नर्स एवं धाइ) स्कूल तथा एक सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया जाएगा। राज्य में 5 नए चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किए जाएंगे और हर मेडिकल कॉलेज में एक नर्सिंग कॉलेज होना भी इस सातवें निश्चय के एजेंडा का हिस्सा है।

इस बात को महसूस करना कठिन नहीं है कि ये सातो निश्चय मिलकर लोगों के कल्याण संबंधी मूल जरूरतों की पूर्ति का प्रयास करते हैं। लक्ष्य तय करने और उन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए वास्तविक कार्यक्रम तय करने के लिहाज से राज्य सरकार ने बिहार विकास मिशन की स्थापना की है जो विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति का अनुश्रवण करेगा। इन कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त वित्तीय आबंटन के कारण पिछले दो वर्षों के दौरान काफी उपलब्धि हासिल हुई है और शेष कार्यों को 2019-20 तक पूरा कर लिया जाएगा।

अनुलग्नक-2

बिहार ग्रामीण आजीविका प्रोत्साहन समिति (जीविका)

जीविका के नाम से लोकप्रिय बिहार ग्रामीण आजीविका प्रोत्साहन समिति (बीआरएलपीएस) ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में बनी एक निबंधित संस्था है जिसने बिहार में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक मुख्य प्रकरण को रेखांकित किया है। पिछले दशक में जीविका को जीवन यात्रा और बिहार के रुख में बदलाव साथ-साथ शुरू हुआ। वर्ष 2006 में 15 प्रखंडों में शुरू हुई छोटे पैमाने की इस परियोजना ने खुद को राज्यव्यापी आंदोलन में रूपांतरित कर लिया है और सितंबर 2017 तक 79 लाख से भी अधिक परिवारों की जिंदगी से जुड़ गई है। जीविका का उद्देश्य महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों और उनके संघों जैसी विकासमान संस्थाओं के जरिए ग्रामीण गरीब परिवारों का सामाजिक और आर्थिक, दोनो तरह से सशक्तीकरण करना है।

जीविका के आरंभ के समय बिहार का ग्रामीण गरीबी अनुपात 44.3 प्रतिशत था जो 2006 में ओडिशा के बाद सबसे अधिक था। राज्य की कुल 8.2 करोड़ आबादी में से 3.6 करोड़ लोग गरीबी में जीवन बसर कर रहे थे। समस्याग्रस्त सेवा प्रदान, जटिल राजनीतिक और सामाजिक प्रवाह, गरीबों का संस्थाओं में अपर्याप्त समावेश, सीमित आर्थिक अवसर, और अपर्याप्त अधिसंरचना राज्य की पहचान बनी हुई थी। इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में 2006 में जीविका का आरंभ उच्च प्राथमिकता वाले छः जिलों (गया, नालंदा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, खगड़िया और मधुबनी) में हुआ। परियोजना के सेवा प्रदान तंत्र को टिकाए रखने के लिए बिहार सरकार ने विश्व बैंक और अन्य राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों जैसे विभिन्न बहुपक्षीय अभिकरणों से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर सहयोग किया। बिहार में जीविका का क्रियान्वयन दो स्पष्ट रूप से अलग चरणों में हुआ है। जीविका का प्रथम चरण : बिहार ग्रामीण जीविका परियोजना (बीआरएलपी) (2006-2016) का क्रियान्वयन 6 जिलों के 102 प्रखंडों में हुआ। प्रथम चरण के सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के बाद बिहार ग्रामीण जीविका परियोजना के मॉडल के पूरे राज्य में उदग्र और क्षैतिज, दोनो तरह से फैलाव के लिए जीविका द्वितीय चरण : बिहार रूपांतरकारी विकास परियोजना (बीटीडीपी) का आरंभ 2016 में हुआ। जीविका मॉडल के राज्य में विस्तार का मुख्य लक्ष्य मूल्यशृंखला और मानव विकास संबंधी हस्तक्षेपों में और भी सुधार करना था। वर्ष 2013 में जीविका को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका परियोजना (एनआरएलपी) के क्रियान्वयन के लिए नोडल अभिकरण के रूप में अधिसूचित किया गया।

पिछले 10 वर्षों के दौरान जीविका ने 79.12 लाख परिवारों को 6.76 लाख सशक्त, टिकाऊ और स्वप्रबंधित स्वयं सहायता समूहों में गोलबंद किया है। इन सामूहिक संस्थाओं ने बड़े पैमाने की वित्तीय मध्यस्थता, संलग्न करने, औपचारिक वित्तीय संस्थाओं से अधिक संसाधन प्राप्त करने, समुदाय आधारित प्रसार प्रणाली के जरिए कृषि और पशुधन उत्पादकता वर्धन सेवाओं तक पहुंच बनाने, बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था पर आधारित होकर स्पष्ट शर्तों के साथ बाजारों से जुड़ने और जागरूकता और भागीदारी को सुगम बनाकर सरकारी योजनाओं तथा हकदारियों की उपलब्धता में सुधार करने के लिहाज से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के क्षमता निर्माण के आदर्श मंच के रूप में काम किया है।



बीआरएलपी	:	जीविका 1 : बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना (2006-16) का क्रियान्वयन 102 प्रखंडों में हुआ था। बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना पूरी हो जाने के बाद ये प्रखंड राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में समन्वित हो गए।
बीटीडीपी	:	बिहार रूपांतरकारी विकास परियोजना (जीविका 2) 300 प्रखंडों में चल रही है।
एनआरएलएम	:	जीविका राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) का क्रियान्यवन 157 प्रखंडों में कर रही है (जिनमें अक्तूबर 2016 से बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना के क्रियान्वयन वाले 102 प्रखंड भी शामिल हैं)।
एनआरएलपी	:	राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका परियोजना (एनआरएलपी) का क्रियान्यवन बिहार के 77 प्रखंडों में हो रहा है।

मुख्य हस्तक्षेप

(1) ग्रामीण गरीबों की स्वप्रबंधित सामुदायिक संस्थाओं में गोलबंदी

परियोजना में सामाजिक स्तर पर तीन-स्तरीय संस्थागत ढांचा बनाने की बात सोची गई - टोला स्तर पर स्वयं सहायता समूह, ग्राम स्तर पर ग्राम संगठन और संकुल स्तर पर संकुल स्तरीय संघ। इनका विहित आकार इस प्रकार था - स्वयं सहायता समूह में 12 से 15 व्यक्तिगत सदस्य होंगे, ग्राम संगठन में 12 से 15 स्वयं सहायता समूह होंगे और संकुल स्तरीय संघ में 25 से 45 ग्राम संगठन होंगे। सितंबर 2017 तक जीविका ने 6,75,744 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया है जिनको ग्राम स्तरीय 41,660 ग्राम संगठनों और 577 संकुल स्तरीय संघों में संघबद्ध किया गया है (तालिका प. 2.1)। वर्ष 2007-08 से शुरू करके जीविका ने अपनी पहुंच का विस्तार 79.12 लाख ग्रामीण परिवारों तक कर लिया है। राज्य में स्वयं सहायता समूह आंदोलन की प्रकृति में मूलभूत

परिवर्तन तब देखा गया जब स्वयं सहायता समूहों का हस्तक्षेप हिमायत और हकदारी से बदलकर आजीविका सृजन और सशक्तीकरण हो गया। सशक्त सामुदायिक संस्थाओं के निर्माण के लिए बहुदिशाई दृष्टिकोण अपनाया गया।

सामुदायिक साधनसेवियों का विकास : जीविका ने ग्रामीण गरीब परिवारों को स्वयं सहायता समूह में संगठित करने के लिए स्वयं सहायता समूह वाले परिवारों के बीच से 80,000 से भी अधिक आंतरिक सामुदायिक साधनसेवी (सीआरपी) तैयार करके उन्हें विकसित किया। गुणवत्तापूर्ण सामुदायिक संस्थानों का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए साधनसेवियों को सामाजिक मानचित्रण, स्वयं सहायता समूह के गुणवत्ता सूचकों और गोलबंदी के साधनों के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

ग्राम संगठन द्वारा गरीबों की भागीदारीमूलक पहचान : जीविका ने भौगोलिक रूप से अलग-थलग टोलों के प्रत्यक्ष लक्ष्यीकरण का उपयोग किया। अधिकांश टोले अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के थे। किसी गांव के 80 प्रतिशत लक्षित परिवारों की गोलबंदी होते ही उसे 'संतृप्त' घोषित कर दिया जाता और ग्राम संगठन बचे हुए परिवारों तथा गठित स्वयं सहायता समूहों को गोलबंद करते। आरंभ में गोलबंदी और स्वयं सहायता समूहों को ऊपरी स्तर के संघ में संगठिन करने की प्रक्रिया धीमी थी और यह मुख्यत: परियोजना के स्टाफ पर निर्भर थी। लेकिन धीरे-धीरे जीविका ने आंतरिक सामुदायिक साधनसेवी, सामुदायिक संगठक (सीएम) और ग्राम संगठनों को स्वयं सहायता समूहों के निर्माण में शामिल करते हुए बहुखंडीय दृष्टिकोण लागू किया। इसकी परिणति तेज गोलबंदी, समावेश और गांवों की संतृप्ति में हुई। वर्ष 2011-12 से गोलबंदी की गति में उछाल आ गया।

तालिका प. 2.1 : जीविका के जरिए स्वयं सहायता समूहों का वर्षवार गठन और उनका संघयोजन

वर्ष	गठित स्वयं सहायता समूह	गठित ग्राम संगठन	गठित संकुल स्तरीय संघ
2007-08	513	21	0
2008-09	4627	142	0
2009-10	19175	488	0
2010-11	31637	968	0
2011-12	55704	3476	25
2012-13	91785	5069	71
2013-14	157157	7452	150
2014-15	365150	14363	231
2015-16	470220	25014	318
2016-17	610808	35680	415
2017-18	675744	41660	577

(2) वित्तीय समावेश

कार्यक्रम में स्वयं सहायता आधारित वित्तीय पहुंच का दृष्टिकोण अपनाया गया जिसमें सामुदायिक संस्थाओं के काफी छोटे सेट को सेवा प्रदान करके स्थानीय बैंक शाखाओं की बड़े ग्राहक आधार तक पहुंच हो जाती थी। ग्राम स्तर पर स्वयं सहायता समूहों का नियमित रूप से मिलन और वित्तीय बचत करने तथा समूह की अपनी बचत या कोष से समूह के अंदर उधार देने की गतिविधियां चलाने के लिए उन्मुखीकरण किया जाता है। कार्यक्रमद्वारा आरंभ में वित्तीय मध्यस्थता को प्रेरित करने और सदस्यों के ऋण विवरण तैयार करने के लिए सामुदायिक निवेश कोष क रूप में उत्प्रेरक वित्तपोषण किया जाता है। प्रमाणित ऋण विवरण और बचत तथा ब्याज के जरिए बने छोटे कोष के जरिए स्वयं सहायता समूह बैंकों से बड़ी ऋण राशि प्राप्त करने में सक्षम होते हैं।

सामुदायिक संस्थाएं ग्रामीण परिवारों के लिए बीमा और उत्पादक संगठनों के लिए वित्तपोषण समेत अनेक वित्तीय सेवाएं प्राप्त करने के लिए सक्षमकारी मंच के बतौर भी काम करती हैं। सामुदायिक संगठक ठोस वित्तीय नित्यचर्या और डिजिटल तथा मोबाइल बैंकिंग जैसे लेनदेन के नए माध्यमों के लिए स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों का उन्मुखीकरण करके उन्हें नियमित रूप से वित्तीय साक्षरता और ऋण संबंधी परामर्श देने का काम करते हैं। वित्तीय समावेश के मामले में मुख्य हस्तक्षेप और नवाचार निम्नलिखित हैं :

सहभागिता आधारित योजना निर्माण का समेकन : सामुदायिक संस्थाओं के स्तर पर योजना निर्माण और निणय लेने के सिद्धांत को मन में गहरे बिठा देने के लिए परियोजना ने समुदाय आधारित संगठनों (सीबीओ) के हर स्तर पर सूक्ष्मयोजना निर्माण की संकल्पना को बढ़ावा दिया। सूक्ष्मयोजना निर्माण के क्रियान्वयन ने 'जवाबदेह ऋणग्रहण' के सिद्धांत को बल दिया और ऋण के समय पर भुगतान को व्यवहार में लाया गया है। अभी कर्ज चुकाने की दर 98 प्रतिशत है।

व्यावसायिक बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के साथ साझेदारी : जीविका ने मुख्य धारा के वित्तीय संस्थानों द्वारा समय से वित्तीय सहायता को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के साथ औपचारिक समझौते किए हैं। इस रणनीति ने महिला स्वयं सहायता समूहों के स्वरूप के मूल में मौजूद संभावनाओं को सामने लाने में मदद की है।

शीर्ष संस्थाओं के सामने नीति का पक्षपोषण : स्वयं सहायता समूहों को बैंकों से समय से सहायता मिलने में सुगमता के लिए नाबार्ड (राष्ट्रीय ग्रामीण कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक), भारतीय रिजर्व बैंक और राज्य स्तरीय बैंकर समिति के सामने नीति संबंधी हिमायत की गई। स्वयं सहायता समूहों के वित्तपोषण पर एक अगल राज्य स्तरीय समन्वय समिति गठित की गई जहां स्वयं सहायता समूहों से संबंधित मुद्दों पर त्रैमासिक आधार पर चर्चा की जाती थी और उनका समाधान किया जाता था।

बीमा सेवाओं का आरंभ : वित्तीय उत्पादों, बचत और ऋण का दायरा बढ़ाने के लिए जीविका ने 8.60 लाख स्वयं सहायता समूह सदस्यों को निम्न लागत बीमा आच्छादन के साथ जुड़ने में सहयोग किया। परियोजना द्वारा बीमा के गुणों और उपलब्ध मुख्य उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समवेत प्रयास किया गया और नामांकन तथा मृत्यु के दावों के निपटारे के लिए दस्तावेज तैयार करने में सहयोग किया गया तथा जीवन बीमा निगम में उन सबका फॉलो अप किया गया।

वित्तोय संस्थाओं से संसाधनों की उपलब्धता

मजबूत स्वयं सहायता समूहों ने सामुदायिक संस्थाओं में बचत के लिए परिवारों को प्रोत्साहित करते हुए वित्तीय समावेश का मंच उपलब्ध कराया। सामुदायिक निवेश कोष (सीआइएफ) के रूप में उत्प्रेरक पूंजी की उपलब्धता ने उनकी क्षमता बढ़ाई और ट्रैक रिकॉर्ड दुरुस्त किया, जिसकी परिणति स्वयं सहायता समूहों तथा उनके संघों द्वारा टिकाऊ आर्थिक गतिविधियों में हुई। इसके कारण परिवारों को अपनी जीविका संबंधी कार्यों के लिए प्रचुर बैंक ऋण उपलब्ध हुआ। बिहार में स्वयं सहायता समूहों के लिए अनुकूल नीतियां लागू किए जाने के लिए जीविका ने राज्य स्तरीय बैंकर समिति के साथ घनिष्ठता से जुड़कर काम किया। इस क्षमता निर्माण और नीति विषयक पक्षपोषण के परिणामस्वरूप, समग्र बैंक ऋण बढ़कर सितंबर 2017 में 3,729.23 करोड़ रु. हो गया। खाता खोलने की प्रक्रिया गत वर्षों के दौरान अत्यंत दुरुस्त हो गई है और हर 10 में से 9 स्वयं सहायता समूहों के खाते उनके 3 महीना पुराना होते ही खुल गए। सितंबर 2017 तक गठित कुल स्वयं सहायता समूहों में से 67.3 प्रतिशत (4.54 लाख) का बैंक के साथ ऋण-संपर्क हो गया था।

वैकल्पिक बैंकिंग और डिजिटल वित्तपोषण सेवाएं

केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक का फोकस बैंकरहित और बैंक नहीं खुलने लायक क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने पर होने से उपभोक्ता सेवा प्रदाता (सीएसपी) केंद्र हर स्थान पर बैंक शाखाएं खोलने के मुख्य व्यवहार्य विकल्प के रूप में उभरे हैं। ये बैंकों के हित में काम करते हैं क्योंकि बैंक शाखाएं खोलने में होने वाला भारी मानव संसाधन निवेश बच जाता है। और यह समुदाय के हित में भी काम करता है क्योंकि वित्तीय सेवाओं तक पहुंच उपलब्ध होने के साथ व्यावसायिक संवाददाता (बीसी) अभिकर्ता की संकल्पना उनके लिए जीविका का बड़ा अवसर भी उपलब्ध कराती है। जीविका ने समुदाय प्रबंधित उपभोक्ता सेवा प्रदाता केंद्र स्थापित करने की परियोजना समुदाय के सारे सदस्यों को बाधारहित वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने और उन्हें जीविका के अवसरों से जोड़ने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिहाज से शुरू की। बड़े बैंकों (जैसे मगध ग्रामीण बैंक, उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, और आइडीएफसी), के व्यावसायिक संवाददाताओं के साथ मिलकर सी-डॉट, साइनैप्स और संजीवनी की शुरुआत की गई है और उनका रणनीतिक प्रक्रियाकरण किया गया है। व्यावसायिक सेवा एजेंट (बैंक सखी) बनने के लिए उपयुक्त स्वयं सहायता समूह सदस्यों की पहचान की दिशा में काम करने की रणनीति विभिन्न बैंकों के साथ विभिन्न चरणों में है। हर बैंक के लिए विवरण नीचे की तालिका प. 2.2 म वर्णित है।

तालिका प. 2.2 : जीविका दीदियों द्वारा शुरू (विभिन्न बैंकों के) सामुदायिक सेवा प्रदाताओं की संख्या के विवरण

बैंक	इसके आरंभ वाले जिलों की संख्या	प्रत्याशियों की संख्या			
		प्रशिक्षित	चयनित	आरंभ की प्रक्रिया में	काम करना शुरू (कार्यशील सामुदायिक सेवा प्रदाताओं की संख्या)
मगध ग्रामीण बैंक	11	133	95	91	4
आइडीएफसी	3	45	38	17	21
पंजाब नेशनल बैंक	7	24	20	20	0
योग		**202**	**133**	**128**	**25**

स्वयं सहायता समूह के स्तर पर डिजिटल वित्तीय लेनदेन के लिहाज से क्षमता निर्माण के लिए प्रेरित करने और लेनदेन हेतु स्थानीय व्यापारियों की पहचान करने के लिए जीविका ने प्रमुख डिजिटल वित्तीय सेवा प्रदाताओं – वोडाफोन और एयरटेल – के साथ भी साझेदारी की है। वोडाफोन के हस्तक्षेप एम-पेसा का आरंभ पटना जिले में मनेर प्रखंड के 2 पंचायतों और बिहटा प्रखंड के 2 पंचायतों में किया गया है। एयरटेल पेमेंट बैंक (एपीबी) के लिए 10 प्रखंडों में पायलट करने के लिए कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण का काम पूरा हो गया है।

तालिका प. 2.3 : जीविका दीदियों के जीवन पर एम-पेसा के उपयोग की प्रभाव के विवरण

क्र. सं.	प्रखंड	स्वयं सहायता समूहों की सं.	परिवारों की सं.	खाते खुले	अभिकर्ता	लेनदेन का विवरण (दूसरी तिमाही)	लेनदेन का विवरण (संपूर्ण वित्तवर्ष)
1	मनेर	227	2725	1909	4	1202080	1639838
2	बिहटा	151	1819	1692	3	1273268	1508214
योग		378	4544	3601	7	2475348	3148052

(3) जीविका प्रवर्तन और मूल्यशृंखला

कृषि उत्पादकता वृद्धि संबंधी हस्तक्षेप

जीविका ने चावल सघनीकरण प्रणाली (श्री विधि), गेहूं सघनीकरण प्रणाली (स्वी विधि) और सब्जियों तथा दलहनों में जड़ सघनीकरण प्रणाली जैसे अनेक हस्तक्षेप किए हैं जिन्हें फसल सघनीकरण प्रणाली (एससीआइ) के नाम के जाना जाता है। आरंभ में श्री विधि नामक विख्यात विधि का उपयेाग 2007 में शुरू किया गया था। श्री विधि की सफलता के बाद फसल सघनीकरण प्रणाली का विस्तार गेहूं, दलहन और सब्जियों के लिए किया गया। वर्ष 2016-17 में श्री विधि अपनाने वाले परिवारों की कुल संख्या 3.93 लाख थी। आरंभिक पायलट में हासिल उनकी सीखों और चुनौतियों को आधार बनाकर जीविका ने फसल सघनीकरण प्रणाली के हस्तक्षेप का विस्तार बाद के वर्षों में किया और सितंबर 2017 तक गेहूं सघनीकरण प्रणाली अपनाने वाले परिवारों की संख्या 2.92 लाख और फसल सघनीकरण प्रणाली अपनाने वाले परिवारों की संख्या 1.99 लाख तक पहुंच गई (तालिका प. 2.4)।

तालिका प. 2.4 : उत्पादकता वृद्धि संबंधी हस्तक्षेप का विस्तार

हस्तक्षेप	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18 (सितंबर)
चावल सघनीकरण प्रणाली	8,637	17,874	33,484	61,051	1,32,676	2,10,703	2,50,214	3,93,955	2,788,60
गेहूं सघनीकरण प्रणाली	25,235	48,521	68,268	96,977	1,39,294	2,43,884	2,72,327	2,75,476	2,92,042
फसल सघनीकरण प्रणाली	400	3,325	11,721	37,084	79,896	1,41,824	1,94,508	1,98,888	1,99,665

फसल सघनीकरण प्रणाली की सफलता ने राज्य सरकार को इसे पूरे राज्य में क्रियान्वित करने के लिहाज से कृषि रोडमैप-2 का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। जीविका के हस्तक्षेप ने छोटे किसानों के मामले में मौजूद निम्न उत्पादकता पर काफी प्रभाव डाला है।



कृषि मूल्यशृंखला संबंधी हस्तक्षेप

जीविका ने मूल्य ृंखला संबंधी हस्तक्षेप उन स्थानों पर किया जहां खास वस्तु-आधारित संकुलों के लिए स्पष्ट अवसर चिन्हित हो गए। खास वस्तु आधारित संकुलों को तकनीकी अभिकरणों या जिला टीम द्वारा किए गए मूल्य ृंखला विश्लेषण के आधार पर चिन्हित किया गया था। जीविका द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वित कृषि मूल्य ृंखला हस्तक्षेप के विवरण नीचे पस्तुत हैं।

तालिका प. 2.5 : कृषि मूल्यशृंखला संबंधी हस्तक्षेप

जिला	कृषि मूल्य ृंखला हस्तक्षेप
पूर्णिया	मक्का का वस्तु व्यापार
खगड़िया	मक्का का वस्तु व्यापार, बीज विपणन (गेहूं, धान)
नालंदा	सब्जी मूल्यशृंखला (आलू, प्याज और सब्जियां)
मुजफ्फरपुर	लीची, गेहूं, दलहनों और सब्जियों का सामूहिक विपणन

कृषि मूल्य ृंखला संबंधी हस्तक्षेप में अग्रवर्ती कड़ियों को उत्पादक समूह और महिला कृषक उत्पादक कंपनी (WFPC) के जरिए कृषि उत्पादों की अधिक कीमत पाने के लिए फसल कटने के बाद और बाजार तक पहुंच से संबंधित सहयोग प्राप्त हुआ। व्यापक रूप से प्रशंसित एक पहल में जीविका ने तकनीकी समर्थन अभिकरणों के साथ साझेदारी में पूर्णिया जिले में मक्का मूल्य ृंखला हस्तक्षेप पर काम किया है। आर्यक कृषक उत्पादक कंपनी 2015-16 के रबी मौसम में 1,044 टन मक्का खरीदने में सक्षम हुआ और 2016-17 के अंत तक महिला कृषक उत्पादक कंपनी ने 3,026 टन मक्का तथा 2017-18 में 13,944 टन मक्का खरीदा। अभी तक जीविका ने ऐसे चार महिला कृषक उत्पादक कंपनियों का निर्माण किया है।

तलिका प. 2.6 : जीविका द्वारा निर्मित महिला कृषक उत्पादक कंपनियों के व्यवसाय का विवरण

जिला	महिला कृषक उत्पादक कंपनियां	सामग्री	व्यवसाय का टर्नओवर (2016-17) (लाख रु.)
पूर्णिया	आर्यक एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड	मक्का (वस्तु व्यापार)	458.00
खगड़िया	जीविका वीमन एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लि.	मक्का, बीज विपणन (गेहूं, धान)	110.00
मुजफ्फरपुर	समर्पण जीविका महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लि.	गेहूं	86.33
		लीची	5.45
		मूंग	0.17
नालंदा	सहयोग वीमन जीविका एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लि.	आलू	25.29
		प्याज	10.76

मूल्यश्रृंखला

उत्पादक समूह और उच्चतर संघ कृषि उत्पादों के बड़े पैमाने पर समूहन और सामूहिक विपणन के मामले में काफी प्रभावी रहे हैं जिससे किसानों को प्रति इकाई बेहतर कीमत मिली है। इस हस्तक्षेप से कई स्तरों पर मौजूद बिचौलिए किनारे हो जाते हैं और इस प्रकार बेहतर कीमत मिलना सुनिश्चित होता है। साथ ही, इससे किसानों को मौसमी उतार-चढ़ाव के कारण भी लाभ पाने की गुंजाइश बनती है। उत्पादक कंपनी ने अपने उत्पाद की बिक्री इलक्ट्रॉनिक व्यापार प्लेटफॉर्म पर की जिससे जोखिम घट गया। वर्ष 2014-15 में पूर्णिया की उत्पादक कंपनी द्वारा उपार्जित राजस्व 1,28 करोड़ रु. था जिसमें शुद्ध मुनाफा 7.3 प्रतिशत था। इसके 70 प्रतिशत हिस्से का वितरण संरक्षण बोनस के रूप में उत्पादक समूह के सदस्यों के बीच किया गया। फलत: किसानों को 109 रु. प्रति क्विंटल की अतिरिक्त आय हुई (पारंपरिक मक्का खरीद मॉडल की तुलना में 12 प्रतिशत वर्धित मूल्य)। मक्का की खरीद के लिए डिजिटल वजन मशीन और इलक्ट्रॉनिक मॉइस्चर मीटर तथा ग्रेडिंग सेट विपणन में नए प्रचलन थे जिससे अंतत: किसानों को ही लाभ हुआ।

पशुधन संबंधी हस्तक्षेप

दुग्ध उत्पादन संबंधी हस्तक्षेप : परियोजना दुग्ध उत्पादन संबंधी हस्तक्षेप के तहत 70,650 परिवारों तक पहुंचने में सफल रही है। कॉम्फेड के साथ साझेदारी में 33,000 से भी अधिक परिवारों को दुग्ध सहयोग समितियों (डीसीएस) से जोड़ा गया है और उन्हें बेहतर मूल्य पर विपणन योग्य अधिशेष दूध की बिक्री के लिए औपचारिक स्रोत उपलब्ध करा दिया गया है। दूध खरीद प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए समितियों में स्वचालित दुग्ध संग्रहण इकाइयां लगाई गई हैं। समिति से जुड़े स्वयं सहायता समूह परिवारों में उत्पादकता बढ़ी है जिसका पता समिति तक पहुंचने वाले दूध की उत्तरोत्तर बढ़ती मात्रा से चलता है। मुद्रास्फीति को समंजित करने के बाद भी स्वयं सहायता समूह वाले परिवारों की शुद्धआय में 33.4 प्रतिशत की अच्छी-खासी वृद्धि हुई है। इसके अलावा, सहरसा, सुपौल और मधेपुरा जिलों में महिला दूध उत्पादकों को सालो भर दूध उत्पादन से जीविका का वैकल्पिक टिकाऊ स्रोत उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की दुग्धशाला सेवाओं के तकनीकी सहयोग से जीविका ने 22 सितंबर 2017 को सहरसा में कौशिकी महिला प्रोड्यूसर कंपनी लि. का गठन किया। इस पहल में 2 वर्षों के अंदर उन जिलों में 600 गांवों और 36,000 परिवारों को शामिल किया जाएगा।

पिछवाड़े में मुर्गीपालन संबंधी हस्तक्षेप : जीविका पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के साथ मिलकर समेकित पॉल्ट्री विकास योजना के तहत मुर्गीपालन संबंधी हस्तक्षेप का क्रियान्वयन कर रही है। राज्य में कुल 582 मातृ मुर्गीपालन इकाइयां स्थापित की गई हैं जिनमें 1.80 लाख परिवार शामिल हैं। हस्तक्षेप का क्रियान्वयन 'पॉल्ट्री मातृ इकाई' के मॉडल के जरिए किया जाता है जो खास परिवार स्तर की इकाइयों के लिए पृष्ठवर्ती और अग्रवर्ती कड़ियों के लिहाज से केंद्र (हब) के रूप में काम करती है।

बकरी संबंधी हस्तक्षेप : जीविका ने बिहार के सात जिलों में समेकित भेड़ एवं बकरी विकास कार्यक्रम का क्रियान्वयन शुरू किया है। कार्यक्रम का मुख्य फोकस बिहार में बकरीपालन के वर्तमान परिदृश्य को बदलने क लिए ब्लैक बंगाल की अच्छी नस्लों को आगे बढ़ाना है। सितंबर 2017 तक बकरो उत्पादक समूहों से जुड़े 6,252 परिवार परियोजना की पहुंच में हैं।

मुजफ्फरपुर जिले के चार प्रखंडों में प्रशिक्षित पशु सखियों द्वारा सेवाएं उपलब्ध कराकर जुगाली करने वाले छोटे पशुओं में सुधार के लिए जीविका ने बिल एंड मिलंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा समर्थित प्रोजेक्ट मेशा इनिशिएटिव के क्रियान्वयन के लिए आगा खान फाउंडेशन के साथ भी समझौता किया है। परियोजना ने चारो प्रखंडों के 132 गांवों में प्रवेश किया है और 15,853 महिला बकरीपालकों से संपर्क किया है। बधियाकरण, प्राथमिक चिकित्सा आदि विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए 101 पशु सखियों को प्रशिक्षित किया गया है।

कृषीतर हस्तक्षेप

अगरबत्ती निर्माण, मधुमक्खी पालन और कला एवं शिल्प उत्पादों जैसी क्षेत्र-आधारित कृषीतर गतिविधियों में लगे स्वयं सहायता समूहों का बाजार में हिस्सा बढाने के मकसद से इनके लिए व्यापक मूल्यशृंखला हस्तक्षेपों के साथ परियोजना 34,023 परिवारों तक पहुंची है। दिसंबर 2017 तक जीविका ने बिहार में 363 कृषीतर उत्पादक समूह गठित किए हैं। परियोजना ने तकनीकी सहायता और तैयार उत्पादों (अगरबत्ती, शहद, जूट और कालीन) की पुन: खरीद के लिए प्रमुख निजी कंपनियों को साथ किया है। कृषीतर जीविका हस्तक्षेपों के कारण सदस्यों को जो महत्वपूर्ण लाभ हुए हैं उनमें शामिल हैं : अगरबत्तियों के बढ़े उत्पादन और गुणवत्ता के साथ बनाने के लिए अधिक पारिश्रमिक, बाजार के साथ संपर्क में सुधार और मधुबनी, सिक्की, सुजनी आदि के काम में लगे पारंपरिक कारीगरों का कौशल विकास। परियोजना ने मधुमक्खी पालकों के लिए राज्य बागावनी मिशन के साथ मिलकर सब्सिडीशुदा दर पर लागत सामग्रियां खरीदने और कृषीतर गतिविधियों में उत्पादक समूहों और सदस्यों के प्रतिरोध क्षमता तथा कौशल स्तरों की समग्र वृद्धि में सहयोग किया है।

कौशल और नौकरी संबंधी हस्तक्षेप

ग्रामीण युवा वर्ग में रोजगार पाने की क्षमता बढ़ाने के मकसद से जीविका ग्रामीण युवक-युवतियों को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आदि अनेक कार्यक्रमों के जरिए कौशल विकास प्रशिक्षण और नियोजन (प्लेसमेंट) की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। परियोजना ने अपने कौशल आधारित हस्तक्षेपों के तहत दो दिशाओं वाली रणनीति अपनाई है - प्रत्यक्ष नियोजन और कौशल विकास के जरिए नियोजन। सितंबर 2017 तक कुल 1.87 लाख ग्रामीण युवक-युवतियों का कौशल विकास प्रशिक्षण पाने के बाद राज्य के अंदर और बाहर नौकरी में नियोजन हुआ है। जीविका राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नियोजित प्रवासी मजदूरों की सहायता के लिए दिल्ली/ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रवास संसाधन केंद्र शुरू करने वाली पहली परियोजना हो गई है।

(4) खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी हस्तक्षेप

जीविका ने अनेक हस्तक्षेपों के जरिए खाद्य एवं स्वास्थ्य सुरक्षा तथा घरेलू स्वच्छता सहित मानव विकास संबंधी मुख्य मुद्दों पर काम करने के लिए समवेत प्रयास किए हैं। अभाव वाले मौसमों में भोजन की उपलब्धता के मुद्दे को हल करने के लिए परियोजना ने ग्राम स्तर पर खाद्य सुरक्षा कोष की संकल्पना पेश की। हस्तक्षेप का क्रियान्वयन 18,641 गांवों में किया गया और खाद्य सुरक्षा से जूझने वाले समाज के सबसे गरीब तबकों पर इसका काफी प्रभाव पड़ा। स्वतंत्र प्रभाव मूल्यांकनों में सबसे गरीब तबकों के लिए वर्णित भूख की घटना में कमी और खाद्यान्नों के बढ़े उपयोग को दर्शाया गया है। स्वास्थ्य से संबंधित कर्ज संबंधी जरूरतों के वित्तपोषण के लिए

ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य जोखिम कोष एक अन्य विशेषीकृत वित्तीय उत्पाद है। जीविका ने 20,864 ग्राम संगठनों में स्वास्थ्य जोखिम कोष हस्तक्षेप को क्रियान्वित किया है जिसने समाज के सबसे गरीब तबकों को लगने वाले स्वास्थ्य संबंधी धक्कों में कमी लाने में मदद की है।

जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रावधान के लिए जीविका मांग और आपूर्ति, दोनो पक्षों के सुदृढ़ीकरण पर काम कर रही है। स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के मामले में व्यापक घरेलू प्रचलनों पर प्रभाव डालने के लिए लक्षित एक व्यापक बीसीसी हस्तक्षेप क्रियान्वित किया गया। मॉडल को काफी प्रभावी और किफायतो माना गया है और इसका विस्तार 300 अन्य प्रखंडों में भी किया जाएगा। परियोजना द्वारा ग्राम वार्ता हस्तक्षेप का आरंभ किया गया जिसने पोषण और स्वच्छता संबंधी मुद्दों पर भागीदारी में सीखने और कार्रवाई करने के दृष्टिकोण पर फोकस किया गया। हस्तक्षेप ने पारिवारिक स्तर पर बेहतर स्वच्छता सुविधाओं की मांग को बल दिया दिया है और कुपोषण की घटनाओं की पहचान करने तथा ऐसे बच्चों को समेकित बाल विकास योजना के केंद्रों से जोड़ने के मामले में भी प्रभाव डाला है।

(5) सौर ऊर्जा बत्ती योजना

जीविका समुदाय में नवोकरणीय ऊर्जा की संकल्पना भरने के हस्तक्षेप का नेतृत्व कर रही है। नूतन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने असम, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में मिशन मोड में दिसंबर 2018 तक स्कूली बच्चों के लिए 70 लाख सौर ऊर्जा वाली बत्तियों के वितरण की सौर ऊर्जा बत्ती योजना शुरू की है। बत्तियों का वितरण सिर्फ स्कूलों के जरिए किया जाएगा और हस्तक्षेप की इकाइयां प्रखंड होंगी। 70 लाख बत्तियों की योजना की कुल मात्रा में से बिहार के लिए 18 लाख बत्तियां आबंटित हुई हैं। आरंभ में गया, नवादा, औरंगाबाद और वैशाली - चार जिलों के 34 प्रखंडों में परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 10 लाख सौर अध्ययन बत्तियों के वितरण का लक्ष्य लेकर गया में जोनल कार्यालय स्थापित कियाा जाएगा। अभी तक 2.00 लाख बत्तियों का वितरण किया जा चुका है।

(6) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

जीविका को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता में सुधार की अग्रणी योजनाओं - स्वच्छ भारत मिशन और लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के लिए क्रियान्वयन साझीदार तय किया गया है। बिहार सरकार ने बिहार को 2 अक्तूबर 2019 तक खुले में शौच से मुक्त करने का मिशन लेकर 1 जून 2016 को लोहिया स्वच्छ बिहार मिशन की शुरुआत की। आपूर्ति की दिशा में काम करते हुए सामुदायिक संगठन, खास कर ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ लाभार्थियों की भागीदारी मूलक पहचान करने और कार्यक्रम तक उनकी पहुंच में सहयोग करने में शामिल हैं।
गत वर्षों में काफी लोहिया स्वच्छ बिहार मिशन की काफी सधी हुई प्रगति हुई है। व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों के निर्माण की वृद्धि दर 2014-15 से 2016-17 के बीच 427 प्रतिशत रही है। इस मिशन के तहत वर्ष 2014-15 से शुरू करके अब तक 22.97 लाख शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। जीविका ने स्वयं सहायता समूह वाले परिवारों को शौचालय निर्माण के लिए कर्ज देने के लिहाज से ग्राम संगठन के स्तर पर एक विशेषीकृत वित्तपोषण विंडो 'शान कोष' (स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण कोष) की शुरुआत की है। परियोजना उद्यम संबंधी अवसर के रूप में स्वच्छता के विकास पर काम कर रही है और इसने जागरूकता बढ़ाने के लिए सामुदायिक साधनसेवियों तथा स्वच्छता गड्ढों का निर्माण करने के लिए राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित करने के लिए 'वाश अकादमी' स्थापित की है।

प्रभाव

जीविका का एक उल्लेखनीय योगदान किसी परिवार और समाज में महिलाओं के लिए सोची गई भूमिकाओं में भारी सकारात्मक बदलाव है। आज जीविका के स्वयं सहायता संगठनों के किसी सदस्य को उसके घर में बराबर का आर्थिक भागीदार समझा जाता है। जीविका ने बिहार की 70 लाख से अधिक ग्रामीण महिलाओं में जो बदलाव लाए हैं उनमें से कुछ महत्वपूर्ण बदलाव नीचे वर्णित हैं।

सामाजिक सशक्तीकरण

ग्रामीण गरीब परिवारों का सामाजिक समावेश : जीविका में सामाजिक गोलबंदी की प्रक्रिया अत्यंत समावेशी थी। स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों में सीमांत समूहों के सदस्यों की संख्या अनुपात से अधिक थी - परियोजना क्षेत्रों (जीविका-1) के स्वयं सहायता समूहों में शामिल होने वाले लगभग सारे परिवार पिछड़ी जातियों, अनुसूचित जातियों, भूमिहीनों और सीमांत खेतिहर परिवारों के थे। इसका कारण गरीब समुदायां को लक्षित करना और हस्तक्षेपों को काफी हद तक गरीब समूहों के हित में और उन्हें आकर्षित करते हुए करना था। कुल मिलाकर 18.37 लाख ग्रामीण परिवारों को जीविका द्वारा 1.55 लाख स्वयं सहायता समूहों में गोलबंद किया गया। जिलों के औसतन 80 प्रतिशत से भी अधिक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के परिवारों को स्वयं सहायता समूहों के दायरे में लाया गया।

स्वप्रबंधित सामुदायिक संस्थाओं का विकास : परियोजना ने टिकाऊ और स्वतंत्र स्वयं सहायता समूहों के विकास में सहयोग किया। एंड-लाइन मूल्यांकन से पता चला कि 2007 से 2012 के बीच स्थापित औसतन 85 प्रतिशत से 100 प्रतिशत पुराने स्वयं सहायता सहायता समूह और 2013 से 2015 के बीच स्थापित 54 से 75 प्रतिशत अपेक्षाकृत नए स्वयं सहायता समूह स्वप्रबंधित और आत्मनिर्भर हो गए। इसके अलावा, कुल मिलाकर 89 प्रतिशत स्वयं सहायता समूह रकम के आवागमन, ऊपरी स्तर के संघों के साथ संबंध और प्रशिक्षण जैसी विभिन्न कसौटियों के आधार पर आत्मनिर्भर हो गए।

लैंगिक और सामाजिक सशक्तीकरण : महिलाओं का सामाजिक समावेश परियोजना का केंद्रीय फोकस था। इसने बिहार में महिलाओं के सशक्तीकरण क लिए काफी अग्रगति प्रदान की। विभिन्न बाहरी अध्ययन दर्शाते हैं कि जीविका पारिवारिक स्तर पर निम्नलिखित मोर्चों पर सफल रही है :

महिलाओं के अंक-ज्ञान और साक्षरता में सुधार : स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने हिसाब-किताब और साक्षरता में सुधार दर्शाया है। महिलाओं के अंक-ज्ञान और साक्षरता पर किए गए एक मूल्यांकन में पता चला कि अहस्तक्षेप ग्रामों के मुकाबले हस्तक्षेप वाले गांवों की 4 प्रतिशत अधिक महिलाएं बसों के नंबर और बुनियादी साइनबोर्ड पढ़ सकती हैं। इसके साथ-साथ, अहस्तक्षेप ग्रामों के मुकाबले हस्तक्षेप वाले गांवों की 33 प्रतिशत अधिक महिलाएं अपने नाम लिख सकती हैं। पहले अंगूठा लगाने वाली स्वयं सहायता समूह की अधिकांश सदस्य समूह में आने के बाद हस्ताक्षर करना सीख गईं।

महिलाओं की पहचान और अभिकरण : जीविका में अपनी भागीदारी के जरिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने समुदाय में एक पहचान अर्जित की। महिलाओं के आने-जाने की आजादी पर किए गए एक

मूल्यांकन में पता चला कि अहस्तक्षेप ग्रामों के मुकाबले हस्तक्षेप वाले गांवों की 5 प्रतिशत अधिक महिलाएं स्वास्थ्य केंद्र गईं, 3 प्रतिशत अधिक महिलाएं पड़ोसियों और रिश्तेदारों के घर गईं और 5 प्रतिशत अधिक महिलाएं स्थानीय पंचायत की बैठकों में शामिल हुईं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, खास कर ऋणग्रस्त परिवार की महिलाओं ने घरेलू स्तर पर लिए गए फैसलों में अपनी अधिक भागीदारी का अनुभव किया। पाया गया कि अहस्तक्षेप ग्रामों क मुकाबले हस्तक्षेप वाले गांवों की महिलाओं के लिए घरेलू फैसलों में भाग लेने की संभावना 8 प्रतिशत अधिक थी, महिलाओं के लिए आजीविका संबंधी गतिविधियों के मामलों में निर्णय में भाग लेने की संभावना 5 प्रतिशत अधिक थी और महिलाओं की शिक्षा के बार में फैसलों में भाग लेने की संभावना 9 प्रतिशत अधिक थी। यह भी पाया गया कि 7 प्रतिशत अधिक महिलाओं में स्वरोजगार के बारे में और 3 प्रतिशत अधिक महिलाओं में स्वास्थ्य पर खर्च के बारे में बोलने की संभावना थी। और अहस्तक्षेप ग्रामों के मुकाबले हस्तक्षेप वाले गांवों की 23 प्रतिशत अधिक महिलाओं ने ऋण लेने पर होने वाले फैसलों में हिस्सा लिया। इन महिलाओं में अपने परिवारों में राजनीतिक विचार व्यक्त करने की भी अधिक संभावना थी। इसके अलावा, अपनी भागीदारी के जरिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने खुद से सामाजिक नेटवर्क विकसित किया है - यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक पूंजी है, खास कर आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रतिकूलता-ग्रस्त महिलाओं के लिए लोगों के सुस्थापित नेटवर्क तक पहुंच बनाने के मामले में।

तालिका प. 2.7 : सामाजिक परिणामों में अंतर

उप-थीम	अहस्तक्षेप	चरण II (2011-15)	चरण I (2007-11)
भौतिक आवागमन	महिला होना और नारीत्व घर के पारिवारिक दायरे के साथ जुड़ा हुआ है	महिलाओं को जीविका की गतिविधियों में भाग लेने के कारण असभ्य के बतौर देखा जाता है	साप्ताहिक बैठकों में बार-बार भाग लेने के अभ्यास ने महिलाएं के लिए सार्वजनिक स्थल पर, बैंक आदि जाना आसान बना दिया
पति और अन्य हितधारियों की प्रतिक्रिया	व्यवहार के नैतिक कोड बदलाव के लिहाज से अधिक सख्त	पतियों की ओर से प्रतिघात - घरेलू हिंसा के मामले	प्रतिरोध आर्थिक प्रोत्साहनों के कारण मंद पड़ गया; धीरे-धीरे परियोजना के गुणों के बारे में आश्वस्त
उधार लेने का काम	भीख मांगने पर विचार किया; उधार लेना पसंद नहीं या महाजन द्वारा इनकार अथवा कर्ज चुका नहीं पाना	महाजन और समूह, दोनो से उधार लेना - लेकिन अपनी बचत होने के कारण समूह की रकम पर अधिक हक महसूस करना	स्वयं सहायता समूह की ओर प्रस्थान - इसे कम शर्मनाक और अधिक सम्मानजनक पाना

घरेलू हिंसा के खिलाफ कार्रवाई : ग्राम संगठनों और स्वयं सहायता समूह की बैठकों में महिलाएं वित्तीय और आर्थिक चिंताओं के साथ-साथ घरेलू चिंताएं भी उठा पाने में सक्षम हुईं। घरेलू हिंसा ऐसा मामला था जिस पर स्वयं सहायता समूह के सदस्य संगठित थे और मिलकर काम करते थे। अध्ययनों ने दर्शाया कि हस्तक्षेप वाले गांवों में घरेलू हिंसा की आशंका में 3 प्रतिशत अंकों की कमी आई। इसके अलावा, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों में घरेलू हिंसा के मुद्दों पर संगठित होने की संभावना जीविका की अंग नहीं रही महिलाओं की अपेक्षा 15 प्रतिशत अधिक थी।

परियोजना वाले गांवों में व्यवहार परिवर्तन : जीविका और गैर-जीविका ग्रामों में व्यवहार में अंतर की माप ने दर्शाया कि जीविका ग्रामों की प्रतिभागी, खास कर परियोजना द्वारा लक्षित महिलाएं अधिक भरोसेमंद हैं। परियोजना ग्रामों के लोग बेटियों की शिक्षा और पेशा संबंधी संभावनाओं के मामले में काफी भिन्न विचार रखते हैं। जीविका ग्रामों के निवासियों में तृतीयक स्तर की शिक्षा पूरी करने के लिए सहयोग देने की अधिक संभावना है। परियोजना ग्रामों के माता-पिता द्वारा अपनी बेटियों को अपना पेशा चुनने की अनुमति देने की अधिक संभावना रहती है। ग्रामीण महिलाओं को ग्राम स्तर पर प्रभावी राजनेता के रूप में देखते हैं। ये शोध परिणाम जीविका कार्यक्रम की दीर्घकालिक सफलता के लिहाज से उत्साहवर्धक संकेत हैं।

शासन में महिलाओं की भागीदारी : स्वयं सहायता समूहों में सदस्यता ने महिलाओं की सामूहिक कार्रवाई का पोषण किया है और सार्वजनिक संस्थाओं में उनकी भागीदारी का गहराया है। जीविका से जुड़ी महिलाओं को अपने गांव की अन्य महिलाओं के साथ स्थानीय विद्यालयों की समस्याओं के प्रतिसाद में (7 प्रतिशत अधिक) और जन वितरण प्रणाली के मामले में (8 प्रतिशत अधिक) मिलकर काम करते पाया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने जन वितरण प्रणाली की दूकानें चलाने की जिम्मेवारी ली है - उनलोगों ने जन वितरण प्रणाली की सेवाओं की पारदर्शी और कुशल आपूर्ति सुनिश्चित की है। बिहार सरकार ने इन समुदाय आधारित संगठनों की सफलता स्वीकार भी की है और अब जन वितरण प्रणाली के संचालन में समुदाय आधारित संगठनों को अधिक तरजीह देने की नीति बनी है। समूह की महिलाओं ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। राज्य सरकार ने समूह की महिलाओं से सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता की समीक्षा करने वाली विद्यालय प्रबंधन समितियों में काम करने का आह्वान किया है।

हाल के समय में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बिहार की ऐतिहासिक मद्यनिषेध नीति, 2016 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शराबखोरी के खिलाफ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के तीखे सामुदायिक अभियानों ने बिहार सरकार को राज्य में शराब की खपत और बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रेरित किया। समूह की महिलाओं ने पंचायती राज संस्था के चुनावों में अधिक सक्रियता से भाग लिया और उनमें से 224 मुखिया चुनी गईं। समूह की महिलाओं की व्यवस्थित देखरेख और सामाजिक-आर्थिक विकास पर क्षमता निर्माण ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद की जो निर्वाचित प्रतिनिधियों के बतौर उनके क्रियाकलापों से प्रतिबिंबित होता है।

आर्थिक सशक्तीकरण

अधिक खर्च वाले ऋण में कमी : वित्तीय समावेश संबंधी पहल का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव अधिक खर्चीले कर्ज में कमी के रूप में हुई है। बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना के 1,350 परिवारों में किए गए एंडलाइन सर्वेक्षण के अनुसार पाया गया कि अभी 2 प्रतिशत से भी कम परिवारों पर ऐसा बकाया ऋण है जिसकी ब्याज दर 2 प्रतिशत से अधिक है। सूक्ष्मयोजना में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 47 प्रतिशत सदस्यों के उच्च ब्याज दर वाले बोझ तले दबे होने की सूचना थी। हालांकि ऋण सूची का वर्तमान विश्लेषण सुझाता है कि सामुदायिक निवेश कोष से कर्ज लेने वाले 2 प्रतिशत से भी कम सदस्यों ने उच्च ब्याज दर वाले कर्ज ले रखे हैं। सदस्यों ने अपने उच्च ब्याज दर वाले ऋणों में औसतन 13,000 रु. कमी कर दी है। ऋण सूची का वर्तमान विश्लेषण

सुझाता है कि स्वयं सहायता समूह सदस्यों द्वारा प्राप्त 11 प्रतिशत ऋण उच्च ब्याज दर वाले कर्जों के भुगतान में गए हैं। सामुदायिक निवेश कोष के धनराशि उपयोग के 1,459 स्वयं सहायता समूहों से संग्रहित आंकड़ों का विश्लेषण सुझाता है कि सामुदायिक निवेश कोष के जरिए वितरित 15 प्रतिशत धनराशि का उपयोग उच्च ब्याज दर वाले ऋणों में कमी करने के लिए किया गया है।

वर्ल्ड बैंक सोशल ऑब्जर्वेटरी स्कीम द्वारा किए गए रिट्रोस्टेक्टिव इवैल्यूएशन ऑफ जीविका (2010-11) के अनुसार, अहस्तक्षेप परिवारों द्वारा उधार ली गई उच्च ब्याज दर वाली औसत रकम अहस्तक्षेप क्षेत्रों में 14,500 रु. थी जबकि हस्तक्षेप वाले क्षेत्रों में 5,000 रु. ही थी। शोध परिणामों से यह भी दिखा कि 22 प्रतिशत अहस्तक्षेप परिवारों पर कोई उच्च ब्याज दर वाला कर्ज नहीं था जिसे चुकाने की जरूरत पड़े जबकि हस्तक्षेप वाले परिवारों में यह अनुपात 29 प्रतिशत था।

पारिवारिक आय में वृद्धि : बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना के 2016 के एंडलाइन सर्वेक्षण के आधार पर सामुदायिक निवेश कोष से जुड़े 65.1 प्रतिशत सर्वेक्षित परिवारों की आय बेसलाइन (सूक्ष्मनिवेश योजनाएं तैयार करते समय की) के मुकाबले 30 प्रतिशत अधिक थी। मूल्य समंजन के बाद आय 35,968 रु. प्रति वर्ष से बढ़कर 46,758 रु. प्रति वर्ष हो गई थी। ये परिणाम परियोजना का लाभार्थी होने के पहले और बाद में परिवारों की तुलना पर आधारित हैं।

वर्ष 2012 के बाद कार्यक्रम में शामिल होने के समय परिवारों में अंतर दूर करने पर फोकस किया गया था। जो परिवार पुराने प्रखंडों में (2012 से 2015 के बीच) शामिल हुए थे उनकी तुलना नए प्रखंडों में (2012 से 2015 के बीच ही) शामिल परिवारों के साथ की गई थी। 42 पुराने प्रखंडों में काम पहले शुरू हुआ था जिसका अर्थ था कि वहां बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना ने 2012 में काम शुरू ही करने वाले शेष 60 प्रखंडां की तुलना में ज्यादा व्यवस्थित संस्थागत नेटवर्क (संस्थाओं का नेटवर्क, सामुदायिक कार्यकर्ता, बैंकों में भरोसेमंद साझीदार आदि) बनाया था।

तालिका प. 2.8 : पारिवारिक आय पर सूक्ष्म निवेश योजना का प्रभाव

2016 में आय		बेसलाइन आय		अंतर
2016 में औसत वार्षिक पारिवारिक आय (2012-15 कोहॉर्ट के पुराने 42 प्रखंडों में)	61,884 रु.	पुराने 42 प्रखंडों में औसत बेसलाइन आय (2012-15 कोहॉर्ट)	33,338 रु.	28,545 रु.
2016 में औसत वार्षिक पारिवारिक आय (2012-15 कोहॉर्ट के नए 60 प्रखंडों में)	63,916 रु.	नए 60 प्रखंडों में औसत बेसलाइन आय (2012-15 कोहॉर्ट)	40,295 रु.	23,621 रु.
2012-15 कोहॉर्ट में पुराने 42 ओर नए 60 प्रखंडों की आय में अंतर-में-अंतर	4,925 रु.	सकारात्मक, महत्वपूर्ण @ 95%		

* विभिन्न समयावधियों की तुलना के लिए 2011-12 के आधार मूल्य का उपयोग किया गया है।

स्रोत : बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना के क्षेत्रों में किया गया आय सर्वेक्षण 2016

स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा की स्थिति में सुधार

जीविका में क्रियान्वित आहार, पोषण और स्वच्छता संबंधी हस्तक्षेपों में सकारात्मक रुझान दिखे। खाद्य सुरक्षा कोष हस्तक्षेप का प्रभाव मूल्यांकन कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और बच्चों की बढ़ी भागीदारी को और उनके स्वास्थ्य तथा पोषण संबंधी स्थिति को दर्शाता है। खाद्य सुरक्षा कोष कार्यक्रम से होने वाले लाभों को मापने के लिए खाद्य सुरक्षा कोष का एक वर्ष (2012-13) का रैंडमाइज्ड कंट्रॉल ट्रायल किया गया था। ट्रायल के परिणामों ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले परिवारों की स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा संबंधी स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन दर्शाए।

जीविका की सामाजिक और आर्थिक उपलब्धियों ने ग्रामीण गरीबों द्वारा अपने विकास के लिए खुद प्रबंधित सामुदायिक मंचों की जरूरत को पूरी तरह स्थापित किया है। जीविका की सफलता का श्रेय दो कारकों को दिया जा सकता है - पहला, यह समुदाय आधारित गतिविधि है, और दूसरा, इसने ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए बहुआयामी दष्टिकोण अपनाया है। इसने अपना काम मूलत: वित्तीय समावेश से शुरू किया था लेकिन बाद में अपने फोकस का विस्तार आजीविका, स्वास्थ्य, पोषण, और यहां तक कि घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक समस्याओं तक भी कर दिया। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि जीविका कार्यक्रम द्वारा सशक्तीकरण के बाद से बिहार में ग्रामीण महिलाएं अब व्यापक आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक भूमिकाएं निभाती हैं। यह लगभग पूरी तरह तय है कि निकट भविष्य में जीविका ग्रामीण समाज पर गहरा प्रभाव डालेगी और बिहार में ग्रामीण विकास नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी।

अनुलग्नक-3

बिहार में मद्यनिषेध का प्रभाव

अप्रैल 2016 में बिहार उत्पाद (सुधार) अधिनियम पारित करने के बाद बिहार सरकार ने बिहार में मद्यनिषेध लागू किया जो राज्य में शराब के निर्माण, परिवहन, बिक्री और खपत का निषेध करता है। ऐसा मुख्यत: शराब पीने के व्यापक प्रचलन के कारण सर्वाधिक पीड़ित होने वाली ग्रामीण महिलाओं की मांग कर किया गया। गुजरात, नगालैंड और लक्षद्वीप के बाद बिहार मद्यनिषेध लागू करने वाला देश का चौथा राज्य है। हालांकि मद्यनिषेध के सामाजिक लाभ स्पष्ट ही हैं, खास कर ग्रामीण लोगों पर, लेकिन राज्य सरकार ने दो अध्ययनों के जरिए मद्यनिषेध के प्रभाव का मूल्यांकन कराना तय किया - एक तो एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट (आद्री), पटना द्वारा और दूसरा, विकास प्रबंधन संस्थान (डीएमआइ), पटना द्वारा।

एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट (आद्री), पटना द्वारा अध्ययन

यह अध्ययन 2016 के उत्तरार्ध में, मद्यनिषेध लागू होने के ठीक छ: महीने बाद किया गया। अध्ययन का सूचना आधार द्वितीयक आंकड़े थे जिनमें अप्रैल से सितंबर, 2016 के छ: महीनों के दौरान अपराध दरों, और लोगों द्वारा खरीद के कुछ व्यवहारों को शामिल किया गया था। निषेध का प्रभाव जांचने के लिए इसकी तुलना एक वर्ष पूर्व अर्थात अप्रील से सितंबर, 2015 के दौरान अपराध दरों और लोगों द्वारा खरीद के व्यवहारों के साथ की गई थी। अपराध के आंकड़ों में हत्या, बलात्कार, महिला विरोधी अपराध, अजा/ अजजा विरोधी अपराध, दंगा, डकैती, लूट, फिरौती के लिए अपहरण, और सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े शामिल किए गए थे। मद्यनिषेध से पहले के छ: महीनों (अप्रैल से सितंबर, 2015) और मद्यनिषेध से बाद के छ: महीनों (अप्रैल से सितंबर, 2016) के दौरान इन अपराधों की दरें तालिका प. 3.1 में प्रस्तुत हैं। इन आंकड़ों से बिहार में अपराध की दरों पर मद्यनिषेध द्वारा डाले गए प्रचुर प्रभाव का साफ पता चलता है। अपराध दरों में सबसे अधिक गिरावट फिरौती के लिए अपहरण (66.6 प्रतिशत) के मामले में देखी गई और उसके बाद हत्या (28.3 प्रतिशत) तथा डकैती (22.8 प्रतिशत) के मामले में। महिलाओं के खिलाफ अपराध की दरों में कमी बहुत मामूली (2.3 प्रतिशत) थी लेकिन गौरतलब है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों के दर्ज मामलों में घरेलू हिंसा के ज्यादातर मामले शामिल नहीं हो पाते हैं। अगर घरेलू हिंसा के आंकड़े अलग से उपलब्ध होते तो इस बात की काफी संभावना थी कि मद्यनिषेध का उस पर काफी सकारात्मक प्रभाव दिखा होता।

तालिका प. 3.1 : बिहार में 2015 और 2016 में अपराध दरें (अप्रील से सितंबर)

अपराध की श्रेणी	प्रति माह दर्ज मामलों की सं.		प्रतिशत कमी
	2015	2016	
हत्या	294	210	(-) 28.3
बलात्कार	99	89	(-) 10.1
महिलाओं के खिलाफ अपराध	1160	1133	(-) 2.3
अजा/ अजजा के खिलाफ	541	461	(-) 14.8
दंगा	1252	1033	(-) 17.5
डकैती	35	27	(-) 22.8
लूट	144	126	(-) 12.5
फिरौती के लिए अपहरण	6	2	(-) 66.6
सड़क दुर्घटना	832	668	(-) 19.8
सड़क दुर्घटना में मृत लोगों की संख्या	473	381	(-) 19.6

जहां तक लोगों द्वारा खरीद संबंधी व्यवहार की बात है, तो अध्ययन में सुधा द्वारा कॉम्फेड की खुदरा दूकानों से बेचे गए उत्पादों के आंकड़े संग्रहित किए गए। प्रासंगिक आंकड़े तालिका प. 3.2 में प्रस्तुत हैं।

तालिका प. 3.2 : बिहार में 2015-16 और 2016-17 में कॉम्फेड उत्पादों की खपत और उसकी वृद्धि दरें

कॉम्फेड उत्पाद	अप्रैल से सितंबर के बीच खपत (मैटिक टन में)		वृद्धि (प्रतिशत में)
	2015-16	2016-17	
शहद	0.05	0.24	380.0
चीज	0.25	0.75	200.0
मट्ठा	62.00	86.83	40.0
सुवासित दूध	113.10	145.19	28.4
सुधा स्पेशल	496.30	598.04	20.5
लस्सी	2696.81	3228.55	19.7
सादा दही	3162.38	3765.86	19.1
रसगुल्ला	851.68	990.10	16.3
पेड़ा	548.26	633.50	15.5
गुलाबजामुन	637.57	734.73	15.2
पनीर	1659.10	1880.13	13.3
मीठा दही	363.27	400.45	10.2
मिल्क केक	4.44	4.85	9.2
कलाकंद	110.30	119.70	8.5
बालूशाही	66.51	67.63	1.7
योग	**10772.02**	**12656.55**	**17.5**

चूंकि बिक्री के आंकड़े 2016-17 के सिर्फ पहले छः महीनों (अप्रैल से सितंबर) के लिए उपलब्ध थे इसलिए तालिका में 2015-16 और 2016-17 के लिए उन्हीं छः महीनों की अवधि के आंकड़े दिए गए हैं। तालिका के आंकड़ों से साफ दिखता है कि 2016-17 में दुग्ध उत्पादों की बिक्री में एक वर्ष पहले की अपेक्षा काफी वृद्धि हुई। समग्र वृद्धि 17.5 प्रतिशत थी और व्यापक रूप से प्रयुक्त दुग्ध उत्पादों (जैसे सुवासित दूध, सुधा स्पेशल, लस्सी और सादा दही) के मामले में वृद्धि दर उससे भी अधिक थी। अगर निजी कंपनियों के आंकड़ों को भी शामिल कर लिया जाय, तो दूध और दुग्ध उत्पादों की खपत उससे भी अधिक होगी। दूध और दुग्ध उत्पादों की खपत का देखा गया रुझान मद्यनिषेध के बाद बेहतर स्वास्थ्य और समृद्धि का स्पष्ट सूचक है।

दूध और दुग्ध उत्पादों के अलावा, अध्ययन में खपत वाली कुछ अन्य सामग्रियों की खरीद के आंकड़े इन सामग्रियों के लिए चुकाए गए बिक्री कर राजस्वों के आधार पर प्राप्त किए गए। इसमें भी वृद्धि अच्छी-खासी थी- महंगी साड़ियां (1715 प्रतिशत), महंगी परिधान सामग्रियां (910 प्रतिशत), प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ (46 प्रतिशत), प्लास्टिक के सामान (65 प्रतिशत), फर्नीचर (20 प्रतिशत), सिलाई मशीन (19 प्रतिशत) और खेलकूद के सामान (18 प्रतिशत)। साथ ही, मनोरंजन कर के संग्रहण में भी 29 प्रतिशत वृद्धि हुई। बढ़ी हुई क्रयशक्ति के कारण मोटर वाहन भी अधिक परिवारों ने खरीदे - चारपहिए (30 प्रतिशत), ट्रैक्टर (29 प्रतिशत) और दुपहिया-तिपहिया (32 प्रतिशत)। ये आंकड़े भी बिहार में हुए फायदों को दर्शाते हैं।

वर्ष 2011 के उपभोग के आंकड़ों को ध्यान में रखने पर पता चलता है कि जिस समय मद्यनिषेध लागू हुआ, उस समय बिहार में कम से कम 44 लाख लोग शराबी थे। बहुत पारंपरिक अनुपान भी लेने पर माना जा सकता है कि इनमें से प्रत्येक शराबी अल्कोहल पर हर महीने कम से कम 1,000 रु. खर्च करता होगा। इस आधार पर हर महीने कम से कम 440 करोड़ रु. की बचत हुई जो 5,280 करोड़ रु. वार्षिक हो जाती है।

विकास प्रबंधन संस्थान (डीएमआइ), पटना द्वारा अध्ययन

यह अध्ययन 5 जिलों - नवादा, पूर्णिया, समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण और कैमूर - में संग्रहित प्राथमिक आंकड़ों पर आधारित है। हर जिले में 2 प्रखंड चुने गए थे और हर प्रखंड में 2 गांवों को चुना गया। इस प्रकार नमूने के 20 गांव चुने गए। इन गांवों से कुल 2,368 परिवारों को प्राथमिक सर्वेक्षण के लिए चुना गया। परिवारों के अलावा, अध्ययन में प्रतिदर्श ग्रामों में केंद्रित सामूहिक चर्चा से भी आंकड़े संग्रहित किए गए। संग्रहित आंकड़ों में शामिल थे - (1) महिलाओं के खिलाफ हिंसा, (2) बच्चों के खिलाफ हिंसा, (3) सामान्य व्यवहार का पैटर्न, (4) निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी, और (5) गान समाज पर समग्र प्रभाव। इनमें से पहले तीन मुद्दों के आंकड़े तालिका प. 3.3 में प्रस्तुत हैं।

उक्त तालिका से बिल्कुल स्पष्ट है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा तथा अन्य अत्यंत नकारात्मक व्यवहार मद्यनिषेध के पहले की अवधि में बहुत अधिक थे। जैसे कम से कम 79 पतिशत परिवारों से महिलाओं के खिलाफ मानसिक हिंसा की और 30 प्रतिशत परिवारों से बच्चों के खिलाफ हिंसा की सूचना मिली। इसी प्रकार, शराबियों द्वारा घर में गाली-गलौज करने की सूचना 67 प्रतिशत परिवारों से प्राप्त हुई। लेकिन मद्यनिषेध के बाद की अवधि में परिदृश्य पूरी तरह बदल गया क्योंकि इन सारे नकारात्मक व्यवहारों में नाटकीय कमी आई। इन शोध परिणामों से मद्यनिषेध से हुए लाभ स्पष्ट रूप से स्थापित होते हैं और इसलिए आश्चर्य की कोई बात नहीं है कि राज्य सरकार द्वारा इस महत्वपूर्ण हस्तक्षेप की ग्रामीण महिलाओं, खास कर गरीब परिवारों की महिलाओं ने लगभग एक सुर में सराहना की।

तालिका प. 3.3 : मद्यनिषेध के प्रभाव के चुनिदां सूचक

	व्यवहारों की सूचना देने वाले परिवारों का प्रतिशत	
	मद्यनिषेध के पहले	मद्यनिषेध के बाद
महिलाओं के विरुद्ध हिंसा		
मानसिक हिंसा	79	11
शाब्दिक हिंसा	73	14
शारीरिक हिंसा	54	5
आर्थिक हिंसा	70	6
यौन हिंसा	15	4
शारीरिक उत्पीड़न के साथ यौन हिंसा	17	3
बच्चों के विरुद्ध हिंसा		
मानसिक हिंसा	30	5
शाब्दिक हिंसा	35	5
शारीरिक हिंसा	24	5
आर्थिक हिंसा	18	4
यौन हिंसा	1	0
शारीरिक उत्पीड़न के साथ यौन हिंसा	0	0
सामान्य व्यवहार		
घर में गाली-गलौज	67	9
घर के सामान बर्बाद करना	30	4
परिवार के अन्य सदस्यों के साथ झगड़ना	35	5
पड़ोसियों के साथ झगड़ना	29	3
खुद को नुकसान पहुंचाना	27	3

इन सामाजिक लाभों के अलावा, मद्यनिषेध का काफी आर्थिक प्रभाव भी पड़ा। जैसे, परिवारों से खाने-पीने पर मद्यनिषेध के बाद 1,331 रु. साप्ताहिक व्यय की सूचना मिली जो मद्यनिषेध के पहले 1,005 रु. था। यह उसमें 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मद्यनिषेध के बाद 19 प्रतिशत परिवारों ने नई परिसंपत्तियां खरीदीं और अन्य 5 प्रतिशत परिवारों ने अपने घर की मरम्मत पर रुपए खर्च किए।

केंद्रित सामूहिक चर्चा से अध्ययन में यह भी निष्कर्ष निकला कि मद्यनिषेध के बाद महिलाएं महसूस करती हैं कि उन्हें अधिक सम्मान मिलता है और घर के फैसलों में उनकी पहले से व्यापक भूमिका रहती है। यह अनुभूति

कम से कम 58 प्रतिशत महिलाओं ने प्रकट की। साथ ही, 22 प्रतिशत महिलाएं महसूस करती थीं कि उनकी राय को अब घरेलू मामलों में ही नहीं, गांव के मामलों में भी महत्व दिया जाता है।

ग्राम समाज पर मद्यनिषेध के प्रभाव की बात करें, तो सूचना मिली कि गांवों में पति-पत्नी के बीच अधिक बातचीत होती है। मद्यनिषेध लागू होने के बाद पुरुषों का कुछ समय स्वाभाविक ही बचा है। सूचना मिली कि 58 प्रतिशत पुरुषों ने अपना बचा समय (जो पहले शराबखोरी में जाता था) परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत में दिया और 33 प्रतिशत ने अपना बचा समय अतिरिक्त आर्थिक कार्य में लगाया। यह भी बताया गया कि 85 प्रतिशत परिवारों का पड़ोसियों के साथ होने वाला झगड़ा घटा है। इसी प्रकार, 75 परिवारों ने सूचना दी कि शादी-विवाह के दौरान शराब के असर में होने वाले झगड़े भी मद्यनिषेध के बाद घटे हैं।

इस प्रकार, दोनो अध्ययनों का यह निष्कर्ष दिखता है कि मद्यनिषेध लोगों, खास कर समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए एक वरदान के रूप में आया है। पहले दिखा कि मद्यनिषेध के बाद की अवधि में अपराधों में काफी कमी आई है जिससे समाज में शांति काफी बढ़ी है। शराबखोरी से बची रकम अब जीवन में उपयोग और सुविधा वाली चीजों पर खर्च होती है। और सबसे बढ़कर, इस कदम ने असुरक्षित परिवारों को आर्थिक बर्बादी के खिलाफ संरक्षण दिया है और उनलोगों ने समृद्धि के पथ पर बढ़ना शुरू किया है। निष्कर्षतः, मद्यनिषेध ने बिहार में महिलाओं की हैसियत बढ़ा दी है जिन्हें अब अधिक सम्मान और व्यापक जवाबदेही, दोनो मिलती है। आशा है कि निकट भविष्य में मद्यनिषेध के प्रभाव अधिक तरीकों से व्यक्त होंगे जिनसे ग्रामीण समाज खास तौर पर लाभान्वित होगा।

अनुलग्नक-4

बिजली की आपूर्ति में सुधार और वितरणजनित ह्रासों में कमी

इस अनुभूति को नीति निर्माता अब व्यापक तौर पर स्वीकार करने लगे हैं कि बिजली की आपूर्ति में सुधार का एकमात्र तरीका विद्युत वितरण की दक्षता में सुधार करना है। फलत:, पहले कदम के बतौर बिहार सरकार ने पूर्ववर्ती बिहार राज्य विद्युत बोर्ड को 5 कंपनियों में बांट दिया है। जिनमें से दो कंपनियां वितरण कंपनियां हैं -उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड और दक्षिण बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड। ये कंपनियां अब राज्य में अपनी आर्थिक स्थिति और बिजली की आपूर्ति सुधारने के लिए विद्युत क्षेत्र के सुधारों का क्रियान्वयन कर रही हैं।

देश में विद्युत क्षेत्र में लगभग सारी राज्य संचालित वितरण कंपनियां विद्युत ग्रिड से बिजली लेने और उपभोग के लिए उपभोक्ताओं के बीच वितरित करने के लिए जवाबदेह हैं। इस जवाबदेहो की पूर्ति में मुख्य समस्या यह है कि ग्रिड से ली गई अधिकांश बिजली के लिए भुगतान नहीं होता है, और उसे अपारदर्शी तरीके से समूहित तकनीकी एवं व्यावसायिक' (AT&C) ह्रास के रूप में गिना जाता है। लेकिन वास्तव में ये ह्रास मुख्यत: बिना मीटर वाले कनेक्शनों या सीधे बिजली चोरी के कारण होते हैं। तकनीकी या संचरण संबंधी ह्रासों का इसमें छोटा हिस्सा ही होता है। चूंकि ग्रिड से खरीदी गई बिजली के बड़े हिस्से के लिए वितरण कंपनियों को राजस्व नहीं मिलता है इसलिए यह रक्तस्राव होने जैसी रकम होती है। देश के स्तर पर ये ह्रास बहुत अधिक हो जाते हैं जिनका हर साल मूल्य प्राय: सकल घरेलू उत्पाद के 1 प्रतिशत से अधिक होता है। बिहार में ऐसा ह्रास 2015-16 तक 40 प्रतिशत के आसपास हुआ करता था और उससे पहले तो उससे भी अधिक होता था। लेकिन बिजली की बढ़ी आपूर्ति की स्थिति में अधिक ह्रास भय से वितरण कंपनियां अक्सर उपभोक्ताओं के लिए बिजली की राशनिंग करने का विकल्प अपनाती हैं - तब भी जब बिजली उपलब्ध हो, और कभी-कभी तो कम कीमत पर बिजली उपलब्ध होने के बाद भी। इस प्रकार बिजली की आपूर्ति की खराब हालत व्यावसायिक ह्रासों से गहरे जुड़ी है जिसके कारण वितरण कंपनियों को वित्तीय नुकसान होता है।

वितरण कंपनियों का एक हस्तक्षेप विद्युत आपूर्ति और छोटे व्यवसायों की वृद्धि के बीच संबध का प्रायोगिक साक्ष्य उपलब्ध कराना और उसके साथ-साथ समूह स्तर पर प्रोत्साहन योजना का मूल्यांकन भी करना है जिसमें बिजली के लिए भुगतान बढ़ाने को बिजली की बढ़ी आपूर्ति से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। प्रायोगिक हस्तक्षेप यूनाइटेड किंगडम के अंतर्राष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआइडी) द्वारा समर्थित इंटरनेशनल ग्रोथ सेंटर (आइजीसी) के तहत काम करने वाली एक शोध टीम द्वारा शुरू किया गया था। परियोजना की डिजाइन रैंडमाइज्ड कंट्रॉल ट्रायल की है जिसमें हस्तक्षेप सामूहिक प्रोत्साहन है जो किसी प्रतिवेश (इलाके) में बिजली की आपूर्ति को भुगतानों के स्तर से जोड़ता है। यह प्रयोग कई सौ प्रतिवेशों में लगभग चार वर्षों तक चला है। इनमें से कुछ प्रतिवेश प्रायोगिक प्रतिवेश थे जहां सामूहिक प्रोत्साहन मौजूद था। परिणामों की तुलना के लिए बिना हस्तक्षेप वाले (कंट्रॉल) प्रतिवेश भी थे जहां सामूहिक प्रोत्साहन मौजूद नहीं था। प्रायोगिक हस्तक्षेप के दो मुख्य घटक हैं - पहला, सामूहिक प्रोत्साहन के प्रति उपभोक्ताआं का प्रतिसाद (रिस्पांस) और दूसरा, बढ़ी बिजली

आपूर्ति के प्रभाव। हस्तक्षेप 2014 में उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी के उपभोक्ताओं के लिए शुरू किया गया और 2015 में दक्षिण बिहार विद्युत वितरण कंपनी के उपभोक्ताओं के लिए। हस्तक्षेप के प्रति उपभोक्ताओं का पतिसाद प्रयोग वाले क्षेत्रों में ऊर्जा के उपयोग और राजस्व संग्रहण के प्रशासनिक आंकड़ों का उपयोग करके मापा गया और उसकी तुलना बिना हस्तक्षेप वाले क्षेत्रों के साथ की गई। इन आंकड़ों की तुलना उपभोक्ता की विशेषताओं और बिजली के उपयोग पर बेसलाइन, मिडलाइन और एंडलाइन उपभोक्ता सर्वेक्षणों के प्राथमिक आंकड़ों के साथ की गई। सर्वेक्षण के इन आंकड़ों से शोधकर्ताओं के लिए यह देखने की गुंजाइश बनी कि सामूहिक प्रोत्साहन की फीडरों के अंदर के उपभोक्ता आधार की विषमांगिता के साथ कैसी अंत:क्रिया होतो है। इस प्रायोगिक हस्तक्षेप के परिणाम सचमुच उत्साहवर्धक हैं। सही तरीके से क्रियान्वयन करने पर योजना से फीडर स्तर पर प्रति इकाई लागत में 40 प्रतिशत के निम्न आधार पर 13 प्रतिशत अंकों की वृद्धि होती है। इसका अर्थ लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि है। पूरी क्रियान्वयन अवधि मं (जिसमें राज्य में चुनावों के कारण हुआ व्यवधान भी शामिल है) सुधार कम है लेकिन तब भी 6 प्रतिशत अंकों का है। अनुमान है कि पूरे बिहार में योजना लागू करने पर होने वाली राजस्व वृद्धि से वितरण कंपनियां अपनी संचरण क्षमता 170 मेगावाट बढ़ा पाने में सक्षम होंगी। यह बिहार में सबसे बड़े तापविद्युत संयंत्र की उत्पादन क्षमता के लगभग बराबर है। अत: इसका अर्थ गर्मी के मौसम की 4000 मेगावाट की वर्तमान चरम आपूर्ति में 4.3 प्रतिशत की वृद्धि है।

हस्तक्षेप के परिणाम के दूसरे घटक को व्यावसायिक परिसंपत्तियों और इनवेंट्री के स्वामित्व, रोजगार, बिजली का उपयोग और परिवार की खैरियत के स्तरों के प्राथमिक आंकड़ों का उपयोग करके मापा जा सकता है। पहले भी कहा गया है कि ये आंकड़े 8 जिलों के प्रतिदर्श परिवारों के बेसलाइन, मिडलाइन और एंडलाइन सर्वेक्षणों के जरिए संग्रहित किए गए थे। हालांकि आंकड़ों का विश्लेषण नहीं किया गया है, लेकिन प्रारंभिक परिणाम दर्शाते हैं कि हस्तक्षेप का व्यावसायिक गतिविधि और नए व्यवसाय के आरंभ पर सकारात्मक प्रभाव हुआ है। अधिक बिजली उपलब्ध होने से उपभोक्ता बिजली के उपकरणों में अधिक निवेश करते हैं, आय क नए स्रोत खोजते हैं और समय के उपयोग का अपना पैटर्न बदलते हैं।

प्रायोगिक हस्तक्षेप के परिणाम भुगतान से जुड़ी बिजली आपूर्ति के पक्ष में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध कराते हैं जिससे एक ओर उपभोक्ताओं को फायदा होता है, तो दूसरी ओर वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति में काफी सुधार होता है। संचालन के मामले में भी भुगतान से जुड़ी बिजली आपूर्ति कोई कठिन चीज नहीं है क्योंकि इसके लिए बिजली के लिए भुगतानों का फीडर के स्तर पर अनुश्रवण करने की जरूरत होती है। राज्य सरकार निकट भविष्य में वितरण कंपनियों के लिए यह नई कार्यसंचालन योजना शुरू करने की योजना बना रही है।

अनुलग्नक-5

बिहार में नीम लेपित यूरिया का उपयोग

यूरिया पूरी दुनिया में फसल उत्पादन के लिए नाइट्रोजन उपलब्ध कराने वाला सबसे लोकप्रिय उर्वरक है। हालांकि पौधों द्वारा सामान्य यूरिया में उपलब्ध नाइट्रोजन का 25-30 प्रतिशत हिस्सा ही स्वीकार किया जाता है और शेष मिट्टी में से निकल जाता है। इस पृष्ठभूमि में कृषि वज्ञानिकों ने नीम लेपित यूरिया (एनसीयू) पेश किया है जिसे सामान्य यूरिया पर नीम के तेल का लेप चढ़ाकर तैयार किया जाता है। नाइट्रोजन का उपयोग बढ़ाने के अलावा भी इसके कई लाभ हैं - पहला, इससे पोषण तत्वों के बरकरार रहने के कारण मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है और दूसरे, नीम के कीटनाशक गुण किसानों को अन्य कीटनाशकों का उपयोग कम करने में मदद करते हैं। अभी कृषकों को सामान्य यूरिया के लिए सब्सिडी मिलती है लेकिन ऐसे सब्सिडीशुदा सामान्य यूरिया का अच्छा-खासा हिस्सा औद्योगिक क्षेत्र (प्लाईवुड और पेंट कारखानों) में चला जाता है। इस कारण नीम लेपित यूरिया का अतिरिक्त लाभ यह भी है कि यह दूसरे क्षेत्रों द्वारा सामान्य यूरिया के अवांछित उपयोग से बचाता है और इस प्रकार सरकार पर यूरिया के लिए सब्सिडी देने का बोझ घटाता है। अत: केंद्र सरकार ने यूरिया पर नीम के तेल का लेप चढ़ाने की नीति शुरू की और दिसंबर 2015 से देशी और आयातित यूरिया, दोनो के लिए नीम लेपित करना अनिवार्य कर दिया गया।

भागलपुर स्थित कृषि-अर्थशास्त्र शोध केंद्र ने दर्शाया है कि नीम लेपित यूरिया के अनिवार्य होने के पहले जब बाजार में सामान्य यूरिया और नीम लेपित यूरिया, दोनो की आपूर्ति हुआ करती थी, उस समय भी बिहार में नीम लेपित यूरिया का काफी व्यापक उपयोग होता था। किसानों द्वारा 2014 में सामान्य यूरिया और नीम लेपित यूरिया के खरीद के पैटर्न से पता चलता है कि सभी किसानों के मामले में सामान्य यूरिया के 131 किग्रा प्रति परिवार की तुलना में नीम लेपित यूरिया की 311 किग्रा प्रति परिवार खरीद की गई जो सामान्य यूरिया से काफी अधिक है। कुल मिलाकर यूरिया के उपयोग में नीम लेपित यूरिया का 70.3 प्रतिशत और सामान्य यूरिया का 29.7 प्रतिशत हिस्सा है। धान की खेती की बात करें, तो नीम लेपित यूरिया के उपयोग का और भी अधिक - 78.9 प्रतिशत हिस्सा है जबकि सामान्य यूरिया का मात्र 21.1 प्रतिशत। हालांकि मक्का के मामले में नीम लेपित यूरिया का उपयोग 43.6 प्रतिशत और सामान्य यूरिया का 56.4 प्रतिशत है। अब सारे यूरिया मं नीम लेपन अनिवार्य किए जाने के बाद यह अंतर प्रासंगिक नहीं रहा।

उत्पादकता पर नीम लेपित यूरिया के प्रभाव की बात करें, तो इसे धान और मक्का, दोनो के लिए सकारात्मक पाया गया।धान के मामले में नीम लेपित यूरिया के उपयोग की स्थिति में उपज 26.8 क्विंटल प्रति एकड़ थी जबकि सामान्य यूरिया की स्थिति में 24.5 क्विंटल प्रति एकड़ थी जो 9.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इसी प्रकार, मक्का के मामले में नीम लेपित यूरिया के उपयोग की स्थिति में उपज 25.2 क्विंटल प्रति एकड़ और सामान्य यूरिया की स्थिति में 23.4 क्विंटल प्रति एकड़ थी जा 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। मुख्य फसलों की उपज में वृद्धि के अलावा, नीम लेपित यूरिया से चारा जैसे उप-उत्पादों की उपज में भी वृद्धि हुई। नीम लेपित यूरिया के आच्छादन के आंकड़े दर्शाते हैं कि 2015-16 के पहले 74.5 प्रतिशत धान उत्पादक किसानों ने

नीम लेपित यूरिया का उपयोग किया था जो 2015-16 में बढ़कर 82.5 प्रतिशत हो गया था। इसी प्रकार मक्का उत्पादक किसानों के मामले में नीम लेपित यूरिया का आच्छादन 2015-16 के पहले 26.5 प्रतिशत था लेकिन गत वर्षों में यह बढ़कर 74.0 प्रतिशत हो गया था। इन आंकड़ों से आसानो से अर्थ निकाला जा सकता है कि बिहार में अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए किसानों ने नीम लेपित यूरिया को व्यापक रूप में अपनाया है। नीम लेपित यूरिया के उपयोग के मामले में लागत-लाभ अनुपात धान की खेती के लिए 1.29 और मक्का की खेती के लिए 1.21 था। आशानुरूप, अध्ययन से यह भी पता चला कि नीम लेपित यूरिया से मृदा स्वास्थ्य में 24 प्रतिशत से 53 प्रतिशत तक सुधार हुआ। केंद्र सरकार का अनुमान है कि नीम लेपित यूरिया के उपयोग के कारण 2016-17 में यूरिया की खपत में गत वर्ष से 3.3 प्रतिशत कमी आई है।

बिहार में नीम लेपित यूरिया को अपनाने का एक कारण इस नई कृषि लागत सामग्री के बारे में उनकी धारणा था। अध्ययन के अनुसार 74.8 प्रतिशत किसानों ने उपलब्ध नीम लेपित यूरिया को उच्च गुणवत्ता वाला पाया था, 81.0 प्रतिशत ने उसकी पर्याप्त उपलब्धता की सूचना दी थी, 80.2 प्रतिशत ने समय से आपूर्ति के बारे में बताया था, और 59.8 प्रतिशत ने सोचा था कि उसकी कीमत उचित थी।

नीम लेपित यूरिया को व्यापक रूप से अपनाने के मामले में आने वाले व्यवधानों के विश्लेषण से कई कारकों का पता चला - नीम लेपित यूरिया के फसलवार उपयोग के प्रशिक्षण की कमी (43.5 प्रतिशत), सिंचाई सुविधाओं की कमी (39.2 प्रतिशत), आसपास के क्षेत्रों में उर्वरक की खुदरा दूकानों की कमी (26.0 प्रतिशत), नीम लेपित यूरिया के फायदों के बारे में जानकारी की कमी (22.2 प्रतिशत) और मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की कमी (10.5 प्रतिशत)। नीम लेपित यूरिया के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए अध्ययन में अनेक महत्वपूर्ण कदम सुझाए गए हैं। सबसे पहले तो नीम लेपित यूरिया के फायदों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए अधिक प्रसार कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। दूसरे, राज्य सरकार को हर ग्राम पंचायत में उर्वरक दूकान की मौजूदगी सुनिश्चित करनी चाहिए। और तीसरे, राज्य सरकार को नीम लेपित यूरिया की गुणवत्ता और विभिन्न क्षेत्रों के फसल पंचांगों को ध्यान में रखकर उसकी समय से आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।

अनुलग्नक-6

बिहार में बाढ़

परिचय

बिहार भारत का सर्वाधिक बाढ़प्रवण राज्य है जहां बाढ़ लगभग नियमित घटना है, हालांकि उसकी तीव्रता में अंतर होता है। राज्य में कुल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र 68.80 लाख हेक्टेयर है जो राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 94.16 लाख हे. का 73.1 प्रतिशत है। उत्तर बिहार का मैदानी भाग बाढ़ के लिहाज से खास तौर पर असुरक्षित है और यहां की 76 प्रतिशत आबादी बाढ़प्रवण है। भारत के 400 लाख हे. बाढ़प्रवण क्षेत्र में बिहार के बाढ़प्रवण क्षेत्र का लगभग 17.2 प्रतिशत हिस्सा है। इसी प्रकार, देश की कुल बाढ़ प्रभावित आबादी का 56.5 प्रतिशत हिस्सा बिहार में निवास करता है। बिहार में बड़े पैमाने की बाढ़ों का मुख्य कारण यह है कि उत्तर बिहार की लगभग सारी नदियां उत्तर में स्थित नेपाल की तीखी ढाल से दक्षिण दिशा में बहकर आती हैं और अपने साथ भारी मात्रा में गाद लाती हैं जिससे नदियों के बेसिन उथले होते जाते हैं। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड से बहकर आने वाली नदियां दक्षिण से उत्तर की ओर बहती हैं। ये सारी नदियां अंततः विभिन्न स्थानों पर गंगा में मिल जाती हैं। बरसात के मौसम में ऐसी सारी नदियां बिहार में बाढ़ संबंधी असुरक्षित स्थिति की स्रोत हैं। बाढ़ों से बचने के लिए बिहार में 3,746 किमी और नेपाल में 68 किमी लंबाई में तटबंध बनाए गए हैं। इसके अलावा चांदन बेसिन में 101 किमी लंबाई में तटबंधों का निर्माण हो रहा है और महानंदा बेसिन में 1,196 किमी लंबे तटबंध बनाने की योजना है। चूंकि ये तटबंध बाढ़ से बचाव के स्थायी समाधान नहीं हैं इसलिए बाढ़ की परिघटना बिहार की आबादी को परेशान करती रहती है।

बाढ़प्रवण जिले

बिहार में बाढ़ों का इतिहास बताता है कि इसके 38 में से 28 जिले बाढप्रवण हैं। इन 28 जिलों में से 15 को अत्यंत बाढ़प्रवण माना जाता है। बाढ़प्रवण जिलों का ब्योरा नीचे तालिका प. 6.1 प्रस्तुत है।

तालिका प. 6.1 : बिहार के बाढ़प्रवण जिले

अत्यंत बाढ़प्रवण जिले	उत्तर बिहार	पूर्व चंपारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, खगड़िया, बेगूसराय, भागलपुर, कटिहार (15 जिले)
अन्य बाढ़प्रवण जिले	उत्तर बिहार	पश्चिम चंपारण, सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज (7 जिले)
	दक्षिण बिहार	पटना, नालंदा, भोजपुर, बक्सर, लखीसराय, शेखपुरा (6 जिले)

दशक के दौरान बाढ़

बिहार की बाढ़ के मामले में असुरक्षित स्थिति इस तथ्य से व्यक्त होती है कि बिहार में बाढ़ वार्षिक घटना हो गई है। लगभग हर साल कुछ जिले बाढ़ के मनमौजीपन का सामना करते हैं। पिछले दशक में आई बाढों की घटनाएं और उनके कारण नीचे की तालिका प. 6.2 में वर्णित हैं।

तालिका प. 6.2 : बिहार में बाढ़ का घटनाक्रम

वर्ष	बाढ़ के कारक
2007	गंगा, कोशी, गंडक, पुनपुन, बागमती जैसी बड़ी नदियों में उफान
2008	कोशी नदी द्वारा धारा परिवर्तन
2009	बागमती नदी में उफान
2011	गंडक नदी में उफान
2012	अधत्रारा समूह की नदियों और सोन नद में उफान
2013	गंगा नदी और महानंदा बेसिन की नदियों में उफान
2014	पुनपुन और झारखंड से निकलने वाली छोटी नदियों में उफान
2016	गंगा, कोशी, महानंदा और सोन बेसिन की नदियों में उफान
2017	नेपाल से निकलने वाली नदियों में उफान

तालिका से स्पष्ट है कि बिहार पिछले 11 वर्षों में से कम से कम 9 वर्षों में बाढ़ से प्रभावित हुआ। अपवाद सिर्फ 2010 और 2015 थे।

वर्ष 2017 में बाढ़

बिहार में बाढ़ से उत्पन्न आपदा के परिमाण का अंदाजा लगाने के लिए राज्य में 2017 में आई बाढ़ पर गौर किया जा सकता है। इस बाढ़ ने लगभग पूरे उत्तर बिहार को प्रभावित किया जिसका विस्तार 20 जिलों तक था- पश्चिम चंपारण, पूर्व चंपारण, सारण, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, सुपौल, मधेपुरा, खगड़िया, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार और अररिया।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा लंबे रेंज का पहला पूर्वानुमान (एलआरएफ) 18 अप्रील को जारी किया गया था जिसमें सामान्य का 96 प्रतिशत वर्षापात होने का अनुमान किया गया था। 6 जून को जारी किए गए लंबे रेंज के दूसरे पूर्वानुमान में भी उत्तर-पूर्वी भारत के लिए पहले वाले पूर्वानुमान को ही दुहराया गया था जिसमें बिहार भी अवस्थित है। यह आरंभिक संकेत था कि बिहार को 2017 में बरसात के मौसम में बाढ़ का सामना करना पड़ सकता है। फलतः, राज्य सरकार ने अपनी प्रशासनिक मशीनरी को बाढ़ की घटनाओं से जूझने के लिए तैयार रखने के लिहाज से आवश्यक प्रयास किए थे। आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी जिलाधिकारियों, जिलों में आपदा प्रबंधन अधिकारियों और अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बाढ़ की स्थिति का सामना करने पर तैयार रहने के लिए निर्देश जारी कर दिए थे।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पटना केंद्र ने पूर्वानुमान जारी किया था कि दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून बिहार में 14 जून को पहुंचेगा। 30 जून तक बिहार में वर्षापात सामान्य से 50 प्रतिशत कम था। हालांकि 31 जुलाई तक वर्षापात बढ़ गया और सामान्य से सिर्फ 9 प्रतिशत कम रह गया था। उसके बाद स्थिति में नाटकीय परिवर्तन आया। 10 अगस्त को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कोशी, महानंदा, कमला बलान, बूढ़ी गंडक और बागमती के बेसिन में नेपाल में और उत्तर बिहार के जिलों में भारी वर्षा का अनुमान लगाया। नेपाल बेसिन में अनुमान के अनुसार 11 अगस्त को मध्यम से भारी वर्षा और 12 अगस्त (227 मिमी), 13 अगस्त (192 मिमी) तथा 14 अगस्त (222 मिमी) को बहुत भारी वर्षा हुई। स्थिति तब और भी खराब हो गई जब उत्तर बिहार के क्षेत्र में भी 10 अगस्त के बाद भारी वर्षा हुई। जैसे, किशनगंज जिले में 11-12 अगस्त को 24 घंटों के दौरान 240 से 340 मिमी वर्षा हुई और सुपौल जिले में 12-13 अगस्त को 24 घंटों के दौरान 454 मिमी वर्षा हुई। 14 अगस्त को केंद्रीय जल आयोग ने सूचना दी कि राज्य में 21 नदी पूर्वानुमान केंद्रों में जल स्तर खतरे के निशान पर या उससे ऊपर था। इस अवधि में लगातार बारिश और बड़ी नदियों में उफान आने के कारण उत्तर बिहार के लगभग सारे जिलों में बाढ़ की व्यापक स्थिति पैदा हो गई।

तालिका प. 6.3 : सेना, राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल और राज्य आपदा अनुक्रिया बल द्वारा राहत कार्य का ब्योरा

सूचक	सेना	राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल	राज्य आपदा अनुक्रिया बल
कार्य दिवसों की संख्या	17	25	25
टीमों की औसत दैनिक संख्या	6	24	16
व्यक्तियों की औसत दैनिक संख्या	590	997	442
नावों की औसत दैनिक संख्या	6	103	92

पहले भी कहा गया है कि राज्य सरकार ने अपनी प्रशासनिक मशीनरी को बाढ के खतरे से निपटने के लिए व्यापक अनुक्रिया कार्य शुरू करने के लिए तैयार रखा था। उसके सबसे पहले के कार्यों में लोगों, खास कर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को बाढ़ वाले क्षेत्रों से निकालकर सुरक्षित जगह पर पहुंचाना था। यह कार्य सेना, राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा अनुक्रिया बल (एसडीआरएफ) को काम में लगाकर पूरा किया गया। तालिका प. 6.3 में इस अनुक्रिया कार्य का विवरण प्रस्तुत है।

तालिका प. 6.4 : 2017 की बाढ़ से हुआ नुकसान

जिला	बाढ़ का फैलाव			नुकसान		
	आबादी (लाख)	प्रखंडों की संख्या	गांवों की संख्या	फसल (हजार हे.)	मानव जीवन	पशु
किशनगंज	10.1	7	652	10.56	24	33
अररिया	17.5	9	661	70.86	95	102
पूर्णिया	12.31	13	788	56.74	44	-
कटिहार	20.08	15	1302	55.34	40	20
पूर्व चंपारण	24.08	22	469	119.49	32	9
पश्चिम चंपारण	7.19	16	691	115.11	42	27
दरभंगा	21.21	14	903	73.68	37	35
मधुबनी	7.65	15	490	58.99	28	5
सीतामढ़ी	22.74	10	713	67.83	47	4
शिवहर	1.62	5	102	18.54	6	-
सुपौल	3.98	8	221	18.53	16	25
मधेपुरा	3.38	10	237	32.39	29	-
मुजफ्फरपुर	8.69	12	423	23.26	21	1
गोपालगंज	3.44	6	174	22.73	20	12
सहरसा	3.37	7	224	27.25	8	-
खगड़िया	1.62	6	105	19.93	10	-
सारण	1.68	6	152	7.13	2	-
समस्तीपुर	0.5	5	75	8.55	-	-
सीवान	0.5	1	12	2.42	-	-
योग	**171.64**	**187**	**8394**	**809.33**	**501**	**273**

स्रोत : बाढ़-2017, ज्ञापन

वर्ष 2017 में आई बाढ से हुए नुकसान के विवरण तालिका प. 6.4 में प्रस्तुत हैं। तालिका में वर्णित जनसंख्या के आंकड़े आई बाढ़ के कारण वास्तव में विस्थापित हुए लोगों के हैं। इस मामले सबसे बुरी तरह प्रभावित जिले पूर्व चंपारण (24.08 लाख), सीतामढ़ी (22.74 लाख), दरभंगा (21.21 लाख) और कटिहार (20.08 लाख) थे। गौरतलब है कि फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा था, खास कर पूर्व चंपारण (1.19 लाख हे.) और पश्चिम चंपारण (1.15 लाख हे.) जिलों में। इसके अलावा, बाढ़ के कारण 501 लोगों और 273 पशुओं को भी जान से हाथ धोना पड़ा था।

अधिसंरचना को हुआ नुकसान

वर्ष 2017 में बाढ़ के कारण पुलों सहित राष्ट्रीय उच्चपथों, राज्य उच्चपथों, मुख्य जिला पथों और ग्रामीण पथों को भी भारी नुकसान पहुंचा। उपलब्ध विवरण के अनुसार, मुख्य जिला पथों सहित 235 उच्चपथ 3,365 किमी में क्षतिगस्त हुए जिनमें 49 पुल-पुलिए भी शामिल हैं। इसी प्रकार, 3119 ग्रामीण पथ, 51 पुलों, 484 पुलियों और 45 संपर्क पथों सहित 4,237 किमी लंबाई में ग्रामीण पथों को क्षति पहुंची। बाढ़ के कारण 2017 में 168 मकान और 6,327 मी. चहारदीवारी के अलावा 135 तालाबों/ घाटों और 4 पुलों/ पुलियों को भी क्षति हुई। इसके कारण 2,052 किमी लंबाई में 11 केवी फीडरों के कंडक्टर और 11 केवी फीडरों/ निम्न विभव लाइनों के 5,900 पोल और 385 वितरण ट्रांसफर्मर भी क्षतिग्रस्त हुए। उक्त अधिसंरचनाओं को हुए नुकसान के अलावा, बाढ़ से शैक्षिक सेवा प्रदान करने वाले भवनों (प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों) तथा स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले भवनों (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-केंद्रों और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों) को भी नुकसान पहुंचा।

यहां गौरतलब है कि 2017 में आई बाढ़ बिहार के लिए सबसे खराब बाढ़ नहीं थी। अतीत में बिहार को इससे भयानक अनेक बाढ़ों का सामना करना पड़ा है।

राहत कार्य

ऊपर वर्णित बचाव कार्यों के अलावा राज्य सरकार ने विनाशकारी बाढ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए बड़े पैमाने पर राहत कार्य भी चलाए। ऐसे राहत कार्यों में शामिल हैं - (क) राहत शिविर, (ख) सामुदायिक रसोईघर, (ग) सूखा राशन और फूड पैकेट का वितरण, (घ) अनुकृपा राहत, और (च) चिकित्सा सुविधा।

(क) **राहत शिविर :** राज्य सरकार ने 14 अगस्त को सबसे पहले राहत शिविर आयोजित किए जब 254 राहत शिविर स्थापित किए गए। बाद में शिविरों की संख्या क्रमशः बढ़कर 1,358 हो गई। राहत शिविरों में दी जाने वाली सेवाओं में पका भोजन, बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं, अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था और कुछ अन्य सुविधाएं शामिल थीं। राहत शिविरों में लड़की के जन्म पर 15,000 रु. और लड़के के जन्म पर 10,000 रु. भुगतान का भी प्रावधान था। ये सारे खर्च मुख्यमंत्री राहत कोष से किए गए।

(ख) **सामुदायिक रसोईघर :** जो लोग राहत शिविरों में नहीं आना चाहते थे या जिनलोगों ने तटबंधों या सड़कों पर आश्रय ले रखा था, उनके लिए सामुदायिक रसोईघर शुरू किए गए थे। 17 अगस्त को कम से कम 1,646 सामुदायिक रसोईघर शुरू किए गए और उनकी संख्या बाद में बढ़कर 2,569 तक पहुंच गई। उन सामुदायिक रसोईघरों में पका भोजन उपलब्ध कराने के अलावा साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया गया।

(ग) **सूखा राशन और फूड पैकट वितरण :** राहत के समय में बाढ़ से प्रभावित लोगों के मूल्यांकन के दौरान तात्कालिक राहत के उपाय के बतौर सूखा राशन के पैकेट बांटे गए। हर पैकेट में 2.5 किग्रा चिवड़ा 0.5 किग्रा गुड़ और 1.0 किग्रा चना/ सत्तू शामिल थे। साफ-सफाई और स्वच्छता के मापदंड सुनश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए गए। बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सूखा राशन के कुल 14.62 लाख पैकेट बांटे गए। इनके अतिरिक्त राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित सभी परिवारों के बीच 32.07 लाख फुड पैकेट भी बांटे। हर फुड पैकेट में 6 किग्रा चावल, 1 किग्रा दाल, 2 किग्रा

आलू, 0.5 किग्रा सोयाबीन (आलू नहीं होने पर), 0.5 किग्रा नमक, छोटा पैकेट हल्दी, हेलोजन टैब्लेट और ओआरएस के पैकेट शामिल थे।

(घ) अनुकृपा राहत : यह राहत कार्य का एक अन्य घटक था जो सीधा नगद अंतरण के जरिए उपलब्ध कराया गया। इसमें (1) सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों को 3,000 रु., (2) सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों को अनाज खरीदने के लिए भी 3,000 रु., (3) बाढ़ के कारण कपड़ों से वंचित हुए हर परिवार का 1,800 रु., (4) बर्तन या घरेलू सामानोंसे वंचित हुए हर परिवार को 2,000 रु., और (5) हर मृत व्यक्ति के आश्रित को 4.00 लाख रु. शामिल थे। लाभार्थियों की कुल संख्या इस प्रकार थी - 38.12 लाख परिवारों को नगद राशि, 38.12 लाख परिवारों को अनाज के लिए नगद रकम, 2.88 लाख परिवारों को कपड़े या बर्तन अथवा घरेलू सामान के लिए रकम, तथा 251 मृत व्यक्तियों के परिवारों को नगद सहायता।

(च) चिकित्सा सुविधाएं : राज्य सरकार ने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सारे पयास किए। इन सुविधाओं में शामिल थे - 441 चिकित्सा शिविरों की स्थापना, 395 चलंत चिकित्सा शिविरों की स्थापना, 42 नाव एंबुलेंस का प्रावधान, सभी जरूरी दवाओं और हेलोजन की गोलियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, और संक्रामक रोगों का प्रसार रोकने के लिए ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव। चिकित्सा शिविरों में 1.40 लाख रोगियों का इलाज किया गया और 681 बच्चों का संस्थागत जन्म भी सुनिश्चित किया गया।

छः प्रमुख शीर्षों के तहत राज्य सरकार का कुल व्यय 2,542.57 करोड़ रु. था जिसके विवरण तालिका प. 6.5 में प्रस्तुत हैं।

तालिका प. 6.5 : राज्य सरकार का कुल व्यय

सं.	शीर्ष	व्यय (करोड़ रु.)
1	राहत शिविर	49.06
2	सामुदायिक रसोईघर	40.57
3	नगद सहायता	2290.96
4	कपड़ा/ बर्तन के नुकसान के लिए भुगतान	106.93
5	मृत्यु होने पर अनुकृपा भुगतान	20.56
6	खोज एवं बचाव कार्य	34.39
	योग	**2542.47**

यहां उल्लेखनीय है कि व्यय के उक्त आंकड़ों में संबंधित विभागों द्वारा बाढ़ राहत के संबंध में किए गए व्यय शामिल हैं। इसमें राज्य सरकार द्वारा पशु की मृत्यु पर किया जाने वाला मुआबजा भुगतान, और कृषि लागत सामग्री सब्सिडी, और मकान के नुकसान पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन व्यवहार संबंधी मानकों के अनुसार किया जाने वाला भुगतान शामिल नहीं है। बाढ़ के कारण राज्य सरकार पर पड़े वित्तीय बोझ का समग्र मूल्यांकन करने के क्रम में सड़क, पुल, सिंचाई प्रणाली और विद्युत क्षेत्र जैसी भौतिक अधिसंरचनाओं के पुनर्निमाण का खर्च भी शामिल किया जाना चाहिए। एक मोटे अनुमान से पता चलता है कि राज्य सरकार पर पड़ा समग्र वित्तीय बोझ लगभग 5,000 करोड़ रु. का था जो उसके कुल बजट का लगभग 4 प्रतिशत है।

अनुलग्नक-7

बिहार में स्वास्थ्य : प्रतिसाद के लिए स्थिति और संभावनाएं

स्थिति

पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'बिहार में नवजात मृत्यु एवं मृत जन्म दरें' विषय पर बिहार में किए गए एक मूल्यांकन ने नवजात मृत्यु दर में 2016-17 में 7.3 प्रतिशत अंकों की कमी दशाई है - 2011 के 32.2 से घटकर 24.9 प्रति 1000 जन्म। यह गिरावट 2001-10 दशक में हुई कमी से लगभग दूनी है और इसने राष्ट्रीय स्तर पर आई कमी को पीछे छोड़ दिया है। इसी प्रकार, मृत जन्म दर (एसबीआर) भी इस अवधि में 20.0 से घटकर 15.5 प्रति हजार जन्म रह गया है। अध्ययन में 2012 और 2017 में बड़े पैमाने पर विभिन्न तबकों के सर्वेक्षण किए गए जिससे नवजात मृत्यु दर के अनुमान में $\pm$ 4.5 प्रतिशत की और मृत जन्म दर में $\pm$3.5 प्रतिशत की परिशुद्धता हासिल हुई। इस विश्लेषण के आधार पर लोक स्वास्थ्य केंद्र में जन्मे बच्चों और जन्म के पहले दो दिनों के अंदर मृत्यु के मामले में नवजात मृत्यु दर में गिरावट सर्वाधिक दिखती है। इस गिरावट का मुख्य कारण ग्रामीण बिहार में आई गिरावट है।

- 4.2 प्रतिशत अंकों की सर्वोच्च गिरावट पहले दो दिनों में होने वाली मृत्यु के मामले में आई है जब नवजात मृत्यु दर 2011 के 17.5 से घटकर 2016-17 में 13.3 रह गई। यह उप-समूह सर्वाधिक मृत्यु दरों वाला उप-समूह भी है।

- वर्ष 2016-17 में सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में जन्मे नवजातों के बीच नवजात मृत्यु दर 17.8 थी जो निजी स्वास्थ्य केंद्रों में जन्मे नवजातों के बीच नवजात मृत्यु दर (41.4) की आधी से भी कम थी और घर में होने वाले प्रसव में जन्मे नवजातों के बीच नवजात मृत्यु दर (24.4) से कम थी। ग्रामीण बिहार में सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में होने वाले प्रसवों का अनुपात 2011 के 45 प्रतिशत से बढ़कर 2016-17 में 59 प्रतिशत हो गया। लगता है कि इसने जीवन बचाने के मामले में अच्छा-खासा योगदान किया है। यह निष्कर्ष केयर द्वारा किए गए वार्षिक पारिवारिक सर्वेक्षण से उभरकर सामने आया है।

- विभिन्न समसामयिक मूल्यांकनों में किए गए मापों के अनुसार अनेक गंभीर मातृ, नवजात एवं बाल स्वास्थ्य (एमएनसीएच) हस्तक्षेपों और स्वास्थ्य प्रणाली संबंधी सूचकों का आच्छादन भी इस अवधि में बढ़ा है। लगता है कि देखी गई गिरावटों में इन दोनो ने मिलकर नवजात मृत्यु और मृत जन्म के तीन प्रमुख प्रत्यक्ष कारकों - श्वासरोध/ जन्मकालीन अभिघात, सेप्सिस (सड़न) और समय से पहले जन्म की जटिलता - से बचाव या उनका प्रबंधन करके प्रभावित करने के जरिए योगदान किया है। वर्ष 2013 से 2016 के बीच बड़ी ऑनलाइन क्लीनिकल नर्स मेंटरिंग कार्यक्रम (अमानत) के कारण लोक स्वास्थ्य केंद्रों की नर्सों में जानकारी, कौशल और प्रसवकालीन तथा प्रसव के तत्काल बाद के व्यवहारों में काफी सुधार हुआ है। इस बात का पता रोग संबधी देखरेख की गुणवत्ता के मूल्यांकन पर जॉन्स हॉप्किंस विश्वविद्यालय और केयर के अध्ययन से चलता है। आवश्यक दवाओं और सामग्रियों की उपलब्धता, उपकरणों तथा स्वास्थ्य केंद्रों की बुनियादी अधिसंरचना की गुणवत्ता में भी महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। इसके अलावा,

संक्रमण नियंत्रण संबंधी व्यवहारों और प्रसवकाल में तथा प्रसव के तत्काल बाद दक्षतापूर्ण देखरेख में भी सुधार हुआ है। लोक स्वास्थ्य केंद्रों में मृत जन्म दर और नवजात मृत्यु दर में गिरावट के मामले में सर्वाधिक संभावित योगदाता निम्नलिखित हैं :

(क) श्वासरोध से होने वाली मौतों में जन्म के समय कृत्रिम श्वसन (रिसस्सिटेशन) में सुधार का योगदान (अब श्वासरोध के सारे चिन्हित मामलों में इसका प्रयास किया जाता है)।

(ख) जन्म के समय गर्भनाल की साफ-सुथरी देखरेख की उच्च दरों (जो लोक स्वास्थ्य केंद्रों में 94 प्रतिशत तक पहुंच गया है) और शीघ्र स्तनपान (जो लोक स्वास्थ्य केंद्रों में 81 प्रतिशत तक पहुंच गया है) का सेप्सिस से होने वाली मौतों में कमी में योगदान।

(ग) पिछले दो वर्षों के अंदर तत्काल शरीर से चिपकाकर रखने/ कंगारू मदर केयर की दरों का लगभग दूना होकर 48 प्रतिशत पहुंच जाना।

(घ) लोक स्वास्थ्य केंद्रों में बच्चे के जन्म में जल्दी के लिए ऑक्सीटोसिन के दुरुपयोग में काफी कमी जो केयर द्वारा क्लीनिकल केयर की गुणवत्ता के मूल्यांकनों से स्पष्ट होती ह।

- इसके अतिरिक्त, लोक स्वास्थ्य केंद्रों में जन्म लेने वाले 2000 ग्राम से कम वजन वाले (जो जन्म के समय बच्चों का बहुत कम वजन है) बच्चों के जीवित रहने पर टाइम सीरीज मेजरमेंट्स का अनुमान है कि पूरे राज्य में लगभग 30 महीनों के हस्तक्षेप ने इस समूह में होने वाली मृत्यु को लगभग आधा कर दिया है। जन्म के समय वजन और लैंगिक समंजित मृत्यु दरें फरवरी-अप्रैल 2015 के 22.3 प्रतिशत से घटकर नवंबर-दिसंबर 2017 में 11.6 प्रतिशत रह गई। इसके बाद जन्म के समय बहुत कम वजन वाले नवजातों की पहचान के लिए लोक स्वास्थ्य केंद्रों में केंदित हस्तक्षेप किया गया और ऐसे असुरक्षित नवजातों की घर आधारित सरल देखरेख सुनिश्चित करने के लिए अग्रणी कार्यकर्ताओं (आशा, आंगनवाड़ी सेविका और एएनएम) के जरिए घरों में फॉलो-अप किया गया। बिहार में लोक स्वास्थ्य केंद्रों में जन्मे लगभग 15 लाख बच्चों के वार्षिक जन्म कोहॉर्ट में इस उप-समूह का लगभग 5 प्रतिशत योगदान है। (स्रोत : केयर असेसमेंट्स, 2015-17)।

स्वास्थ्य देखरेख हेतु प्राथमिकताएं

आज बिहार में स्वास्थ्य देखरेख के लिए प्राथमिकताएं तय करते समय दो विश्लेषणों के दो दिलचस्प सेट महत्वपूर्ण हैं।

1. आद्री स्थित स्वास्थ्य नीति केंद्र (सीएचपी) द्वारा बिहार के लिए राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) के आंकड़ों का उपयोग करके हाल में किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि गत वर्षों में परिवारों द्वारा स्वास्थ्य देखरेख कराने के मामले 2004 से 2014 के बीच बढ हैं और वित्तीय कारणों से स्वास्थ्य देखरेख नहीं कराने वाले परिवारों की संख्या में तेज गिरावट आई है। यह संपूर्ण भारतीय परिघटना है जो अंशत: क्रयशक्ति में वृद्धि को व्यक्त करती है और अंशत: स्वास्थ्य के मामले में अधिक प्राथमिकता को। पुरुषों और महिलाआं, दोनो के मामले में ग्रामीण भर्ती रोगियों की देखरेख काफी बढ़ी है। भर्ती रोगियों के प्रतिशत के बतौर मापी गई सार्वजनिक देखरेख की मांग 2004 से 2014 के एक दशक में

लगभग 3.5 गुनी बढ़कर 57 प्रतिशत हो गई। स्वास्थ्य पर तुरंत खर्च करने के कारण अगर काई परिवार गरीबी रेखा के नीचे चला जाता है, तो ऐसे व्यय को 'अनर्थकारी व्यय' माना जाता है। स्वास्थ्य पर ऐसा अनर्थकारी व्यय 2004 के 4.1 प्रतिशत से घटकर 2014 में 1.2 प्रतिशत रह गया। हालांकि इस अवधि में स्वास्थ्य देखरेख के खर्च में वृद्धि हुई है जिसमें मुख्य कारण अधिकांशत: डॉक्टरों की फीस, दवाओं और रोग-निदान जांचों के खर्च के कारण भर्ती रोगियों पर खर्च का दूना हो जाना है। वर्ष 2014 में 30 प्रतिशत परिवार अपनी पारिवारिक आय का 10 प्रतिशत से अधिक हिस्सा स्वास्थ्य पर खर्च करते हैं जो 2004 के आंकड़े के बराबर है। इसमें अधिक वृद्धि अपनी आय का 10 प्रतिशत से अधिक भाग स्वास्थ्य पर खर्च करने वाले शहरी परिवारों के कारण हुई है जिनका हिस्सा 2004 के 25.6 प्रतिशत से 2014 में बढ़कर 29.7 प्रतिशत हो गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जननी सुरक्षा योजना के कारण अधिक महिलाएं माता और नवजात संबंधी प्रसवपूर्व, प्रसवकालीन और प्रसवोत्तर सार्वजनिक सेवाएं प्राप्त कर रही हैं। हालांकि इसके साथ-साथ प्रसव को छोड़कर शेष मामलों में सार्वजनिक सेवाओं में भी तत्काल व्यय में भी थोड़ी वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य देखरेख के परिमाण और खर्च गुणवत्ता की धारणाओं से मेल नहीं खाते हैं। रोगियों की धारणा है कि सार्वजनिक क्षेत्र से सेवाएं नहीं प्राप्त करने के कारण देखरेख की संतोषजनक गुणवत्ता की कमी और सार्वजनिक सेवाओं में इंतजार की लंबी अवधि है।

2. अध्ययनों ने दर्शाया है कि बिहार में औसत जीवन संभाव्यता में पिछले 25 वर्षों के दौरान काफी सुधार हुआ है और यह महिलाओं के मामले में 1990 के 57.9 वर्षों से 2016 में 67.7 वर्ष तथा पुरुषों के मामले में 1990 के 58.9 वर्षों से 2016 में 67.7 वर्ष हो गई है। भारत के मामले में जीवन संभाव्यता 2016 में महिलाओं के लिए 70.3 वर्ष तथा पुरुषों के लिए 66.9 वर्ष थी। हालांकि बिहार में होने वाली लगभग 70 प्रतिशत मृत्यु असामयिक मृत्यु होती है जिसमें डायरिया, निम्न श्वास मार्ग संक्रमण, नवजात संबंधी गड़बड़ियां, असामयिक जन्म से जुड़ी जटिलता, टीबी, एचआइवी/एड्स, आंत के संत्तामक रोग आदि संचारी, मातृ, नवजात और पोषणजनित रोगों का बड़ा योगदान होता है। बिहार में रोगों के कुछ बोझ में असंचारी रोगों का 47.6 प्रतिशत योगदान है। दिव्यांगता-समंजित जीवन वर्ष (डीएएलवाइ) समस्त रोग भारों की एक माप है जिसे खराब स्वास्थ्य, दिव्यांगता या असामयिक मृत्यु के कारण जीवन के घटे वर्षों की संख्या के बतौर व्यक्त किया जाता है। बिहार में दिव्यांगता-समंजित जीवन वर्षों (लगभग 30 प्रतिशत) का सर्वाधिक अनुपात 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का है। इस उम्र समूह में मृत्यु में सबसे बड़ी भूमिका संचारी, मातृ, नवजात और पोषणजनित रोगों की होती है। निस्संदेह, कुपोषण आज भी बिहार में मृत्यु और विकलांगता के लिए सबसे बड़ा जोखिम बना हुआ है।

2030 के लिए दृष्टि

आज बिहार में स्वास्थ्य देखरेख के लिए प्राथमिकताएं तय करते समय दो विश्लेषणों के दो दिलचस्प सेट महत्वपूर्ण हैं। भारत और बिहार ने स्वास्थ्य के लिए चिरस्थायी विकास लक्ष्य (एसडीजी) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका लक्ष्य 2030 तक मातृ मृत्यु दर को घटाकर 70 से नीचे, नवजात मृत्यृ दर को 12 से नीचे, 5 वर्ष से कम उम्र में मृत्यु दर को 25 प्रतिशत के नीचे और मृत जन्म दर को 10 प्रतिशत के नीचे लाना है। इन सराहनीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए स्वास्थ्य दृष्टि 2030 में निम्नलिखित सुझावों को शामिल किया जाना चाहिए :

निम्नलिखित के द्वारा स्वास्थ्य प्रणाली के प्रदर्शन में सुधार

- सभी लोक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त प्रशिक्षित और उचित स्तर पर तैनात रोग विषयक सेवा प्रदाता (विशेषज्ञ डॉक्टर और नर्स) हों;
- आउटरीच और स्वास्थ्य केंद्र तथा कार्यक्रम प्रबंधन – सभी स्तरों पर लोक स्वास्थ्य प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता का विकास हो;
- सभी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रभावशाली ढंग से काम करने के लिहाज से आवश्यक अधिसंरचना हो (रक्त बैंकों, विशेष नवजात देखरेख इकाइयों, रेफरल परिवहन प्रणाली आदि तक पहुंच सहित);
- रोगियों के लिए दवाओं और सामग्रियों की उपलब्धता और अनुश्रवण क्षमता के साथ समेकित आपूर्ति शृंखला की स्थापना हो;
- योजना और बजट निर्माण तथा बजट को व्यवहार में लाने की बढ़ी क्षमता हो।

निम्नलिखित के जरिए स्वास्थ्य व्यवस्था की पुन:रचना

- तत्काल व्यय में कमी लाने के लिए निजी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की रणनीतिक खरीद, आपात सेवाओं की प्राप्ति और पहुंच संबंधी मुद्दों का समाधान हो;
- सामाजिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के समूहन (पूलिंग) के जरिए तत्काल व्यय में कमी लाई जाय;
- सभी नागरिकों को कोर स्वास्थ्य लाभ संबंधी पैकेज की गारंटी की जाय और उपलब्ध कराया जाय;
- पोर्टेबल और सक्षम इलक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्रणाली हो;
- कार्यार्पित स्वाथ्य लाभ पैकेज की सबको उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य वित्तपोषण नीतियां और स्वास्थ्य हेतु राजकोषीय गुंजाइश हो।

निम्नलिखित के जरिए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में निरंतर प्रगति

- अधिक जोखिम वाले मामलों में संपर्कित समयबद्ध और रेफरल प्रबंधन के साथ उच्च गुणवत्ता वाली प्रसवपूर्व देखरेख सेवाएं;
- प्रसवकालीन देखरेख, प्रसव के तत्काल बाद देखरेख और जटिलताओं की पहचान/ प्रबंधन तथा रेफरल के लिए सभी लोक स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी और व्यापक आपात प्रसव सेवा और नवजात की देखरेख पूरी तरह चालू हो;
- राज्य में प्रसव और नवजात की देखरेख के लिए सार्वजनिक व्यापक आपात सेवाएं प्रसव और नवजात की जटिलताओं के प्रबंधन में समर्थ हों;
- सभी चिन्हित कमजोर और समय से पहले जन्मे नवजातों को अनिवार्य सुविधाएं तथा घर आधारित देखरेख उपलब्ध कराई जायं;
- प्रसव के दौरान सबको टेटनस टॉक्साइड के टीके लगें;
- बच्चों के लिए प्रतिरक्षण का सर्वव्यापी आच्छादन हो।

निम्नलिखित के जरिए परिवार नियोजन की आधुनिक विधियों के मामले में पसंद का विस्तार

- बिना बच्चा या एक बच्चा वाले दंपतियों के लिए गर्भनिरोध व्याप्ति दर बढ़े;
- दो बच्चों के जन्म के बीच पर्याप्त फासला हो।

उक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सुनिश्चित किया जाय कि :

- स्वास्थ्य और पोषण संबंधी सभी कार्यों में लैंगिक समानता को मुख्य धारा में लाया गया है;
- स्वास्थ्य देखरेख की चाह वाले व्यवहारों को आकार देने वाले लैंगिक प्रचलनों और आत्मीय पार्टनर द्वारा हिंसा, निर्णय लेने में अशक्तीकरण आदि स्वास्थ्य देखरेख की चाह से रोकने वाली लैंगिक असमानताओं से प्रभावी ढंग से निपटा जाय;
- मृत्यु और पोषण संबंधी परिणामों में लैंगिक अंतरों के मामले सुसंगति स्थापित की जाय;
- स्वास्थ्य एवं पोषण तथा व्यवहारों के मामले में सामाजिक सीमांतीकरण और असमानताओं (लैंगिक, सामाजिक-आर्थिक, जाति आधारित, भौगोलिक असमानताओं) को कम से कम किया जाय।

लोक स्वास्थ्य प्रबंधन कैडर की जरूरत

